


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 166

ग्वालियर, शनिवार, 05 मार्च, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




# पिछली सरकारों की गलती की वजह से चिकित्सा शिक्षा के लिए छात्रों को जाना पड़ता है विदेश : मोदी

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चिकित्सा शिक्षा के लिए बड़ी संख्या में भारतीय छात्रों के विदेश जाने के लिए पिछली सरकारों को जिम्मेदार ठहराया। प्रधानमंत्री मोदी ने युद्धग्रस्त यूक्रेन से लौटे उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों के छात्रों के एक समूह से मुलाकात में कहा कि उनकी सरकार देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाने पर काम कर रही है, ताकि छात्र देश में ही मेडिकल शिक्षा पा सकें। उन्हें बाहर न जाना पड़े। उन्होंने उन छात्रों तथा उनके परिवारों के साथ भी सहानुभूति जताई, जिन्होंने यूक्रेन में परेशानियों का सामना करने के बाद प्रधानमंत्री के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया है। उन्होंने कहा संकट के दिनों में उनका नाराज होना स्वाभाविक है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वे भीषण कठिनाइयों और ठंड का सामना कर रहे हैं। सरकार ने यूक्रेन से भारतीय नागरिकों, विशेष रूप से छात्रों को सुरक्षित निकालने के लिए ऑपरेशन गंगा शुरू किया है। प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान कई छात्रों ने आभार जताया और उन्हें सुरक्षित निकालने के लिए सरकार की तारीफ की। पीएम मोदी ने कहा जब नाराज छात्र वस्तुस्थिति को समझेंगे



तो उनका गुस्सा खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इन परेशानियों का जवाब एक मजबूत भारत ही है। मोदी ने कहा, अगर पहले की चिकित्सा शिक्षा नीतियां सही होतीं तो आपको विदेश नहीं जाना पड़ता। उन्होंने कहा कि माता-पिता नहीं चाहते कि इतनी कम उम्र में उनके बच्चे विदेश जाएं। प्रधानमंत्री ने कहा उनकी सरकार पिछली गलतियों को सही करने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले देश में 300 से 400 मेडिकल कॉलेज थे और अब उनकी संख्या करीब 700 है। इनमें सीटों की संख्या 80-90 हजार से बढ़कर डेढ़ लाख हो गई है। पीएम मोदी ने कहा कि मेरा प्रयास है कि हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज होना चाहिए। अगले 10 साल में संभवतः पिछले 70 साल से अधिक डॉक्टर बनकर निकलेंगे। उन्होंने कहा कि कम उम्र में छात्रों को चिकित्सा शिक्षा के लिए विदेश नहीं जाना बड़ेगा, ताकि उनके अभिभावकों को इतना तनाव नहीं झेलना पड़े। पीएम मोदी ने छात्रों से बातचीत में कहा कि सभी को देश के लिए कुछ करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा आपको दूसरे देश में इस आयु में अकेले ऐसे अनुभव से जूझना पड़ा। मैं आपकी मानसिक स्थिति की कल्पना कर सकता हूं।अब हम लोगों को सही से निकालने में सक्षम हैं।

## एनएच-28 पर कार से ड्यूटी जा रहे सीआरपीएफ के 3 जवानों को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में एक भीषण सड़क हादसे में सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) के 3 जवानों की दर्दनाक मौत हो गई है। भीषण सड़क हादसे में सीआरपीएफ के 2 अन्य जवान




बुरी तरह से घायल हो गए हैं। घायल जवानों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 112 बटालियन के जवान बोलेरो कार से ड्यूटी पर जा रहे थे, जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। सड़क हादसे में बोलेरो कार के परखच्चे उड़ गए। यह हादसा एनएच-28 पर हुआ है। जानकारी के अनुसार, सीआरपीएफ की 112 बटालियन के जवान बोलेरो कार से ड्यूटी पर जा रहे थे। उनकी कार बस्ती जनपद के मुंडेरवा थाना के खझौला के समीप एनएच-28 पर पहुंची थी, जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने बोलेरो में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। सड़क हादसे में तीन जवानों की मौत हो गई। हादसे में मारे गए जवानों की पहचान हीरा लाल (26), जयप्रकाश (37) और धर्मेंद्र लाल (38) के तौर पर की गई है।

## माफिया के कब्जेवाली जमीन पर गरीबों के लिए मकान बना रहे : अमित शाह

**गाजीपुर।** केन्द्रीय गृह मंत्री और भाजपा के चाणक्य अमित शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश का चुनाव राज्य के पिछड़े और दलित समुदाय के लाखों लोगों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए है। शाह ने अपने संबोधन में योगी



सरकार की उपलब्धियां गिनाकर कहा कि उनकी पार्टी के फिर से सत्ता में आने पर होली और दिवाली पर मुफ्त गैस सिलेंडर दिए जाएंगे। शाह ने कहा, ÷भाजपा ने देश में गरीबों के विकास के लिए काम किया है और उन्हें मुफ्त राशन, चिकित्सा सुविधाएं, आवास प्रदान किया है और यह सुनिश्चित किया है कि उनके घरों को बिजली मिले। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने सीधे किसानों के बैंक खातों में पैसा भेजा है, और हमने वादा किया है कि अगर भाजपा सत्ता में आती है,तब किसानों को अगले पांच साल तक बिजली का बिल भरने की आवश्यकता नहीं होगी। बाहुबली मुख्तार अंसारी और अतीक अहमद का जिक्र कर शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के शासनकाल में उन्हें जेल भेजा गया है। शाह ने दावा किया, ÷हम उस जमीन पर गरीबों के लिए आवास बना रहे हैं, जिस पर कभी पिछली सरकारों के दौरान माफियाओं का कब्जा था। उन्होंने समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधकर कहा अखिलेश एक आंख से केवल एक समुदाय को देखते हैं।

# बिहार- भागलपुर में जोरदार धमाका, कई मकान ध्वस्त, एक दर्जन की मौत, कई घायल



**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर जिले में बीती रात भीषण धमाके से शहर कांप गया। घटना में कई मकान ध्वस्त हो गए हैं। अब तक मिली जानकारी के अनुसार दर्जन भर लोग जख्मी हैं। साथ ही 12 लोगों के मारे जाने की भी की भी सूचना है। जिस इलाके में यह हासदा हुआ, वहां की बिजली काट दी गई है। जानकारी के अनुसार, तातारपुर थानाक्षेत्र के काजवलीचक स्थित नवीन आतिशबाज के घर गुरुवार की रात 11.30 बजे हुए भीषण धमाके में दो मंजिले मकान के परखचे उड़ गए। पूरा मकान जमींदोज हो गया। धमाके में 5 लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि 12 लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं।

मकान के मलबे में अभी भी कई लोगों के दबे होने की बात कही जा रही है। धमाके की तीव्रता इतनी थी कि दो मंजिले मकान के अलावा धमाके की सीधी जद में तीन और मकान आ गए। विस्फोट की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता कि घटनास्थल से चार किलोमीटर की परिधि में आने वाले मकान में मौजूद लोगों ने तेज झटके वाले भूकंप के झटके महसूस किए। घरों में कंपन महसूस करते ही लोग-बाग घरों से बाहर निकल भूकंप के बारे में जानकारी लेने लगे। कुछ लोगों ने धमाके की आवाज को लेकर सिलिंडर विस्फोट की भी बात पड़ोसियों से की लेकिन चंद मिनटों में ही स्थिति साफ हो गई। पुलिस, फायर ब्रिगेड आदि की सायरन बजाती गाड़ियों ने स्थिति साफ कर दी। इस बीच भारी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा होने लगे। जिन्हें नियंत्रित करने के लिए एसएसपी को स्वयं कमान संभालनी पड़ी।

घटना की जानकारी पर डीआइजी सुजीत कुमार, डीएम सुब्रत कुमार सेन, एसएसपी बाबू राम भारी पुलिस बलों के साथ मौके पर पहुंच हालात का जायजा लिया। घटनास्थल को पुलिस बलों की धेराबंदी कराते हुए दो जेसीबी लगाकर मलबा साफ कराने और उसमें दबे लोगों को निकालने का काम तेजी से शुरू कराया। डीआईजी ने घटना की जांच के लिए एफएसएल की टीम को भी लगाया ताकि विस्फोटक के प्रकार का पता लगाया जा सके। इस बीच बचाव कार्य में स्थानीय लोगों, डिप्टी मेयर राजेश वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष रोहित पांडेय, लोजपा नेता मृणाल शेखर, चांद झुनझुनवाला आदि ने भी घायलों को निकालने में पुलिस बलों की मदद कर उन्हें एंबुलेंस से जवाहर लाल नेहरू अस्पताल भेजा।

मरने वालों में 60 वर्षीय गणेश मंडल उर्फ गणेश सिंह की पहचान हो सकी है। एक महिला समेत दो बच्चों की पहचान का प्रयास पुलिस टीम कर रही है। घायलों की संख्या आठ पहुंच चुकी है। अभी मलबे में और लोगों के दबे होने की आशंका है। मरने वाले और घायलों की संख्या के बढ़ सकती है। डीएम के निर्देश पर जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में भर्ती घायलों के लिए डाक्टरों की टीम को लगाया गया है। एक टीम को अलर्ट मोड पर रखा गया है। घटनास्थल पर पांच एंबुलेंस लगाया गया है। मलबे और उसके इर्दगिर्द विस्फोटकों की बरामदगी के लिए डाग स्क्वाड को लगाया गया है।

पुलिस टीम पटाखा तैयार करने वाले दो लोगों को हिरासत में ले लिया है। उनसे तातारपुर थाने में पूछताछ की जा रही है। धमाका रात को निचले तल पर बम बनाते हुआ बताया जा रहा है। निचले तल पर ही शक्तिशाली विस्फोटक एक प्लास्टिक बाक्स में रखे होने की बात कही जा रही है जिस पर दबाव पड़ने के बाद धमाका हुआ है। पुलिस टीम और एफएसएल की टीम जांच के क्रम में सही तस्वीर जल्द देने की बात कही है।

### कानपुर में नमकीन कारखाने में लगी भीषण आग से अफरातफरी

**कानपुर।** हरबंश मोहाल क्षेत्र के दानखोरी मोहल्ले में चल रहे नमकीन कारखाने में भीषण आग से भगदड़ मच गई। चार मंजिला बिल्डिंग से उठ रहे धुएं के गुबार ने इलाके में दहशत फैला दी। सूचना पर फायर सर्विस स्टेशनों से छह गाड़ियां पहुंची। फायर सर्विस के जवानों ने बिल्डिंग की दूसरी और तीसरी मंजिल में फंसी महिलाओं, बच्चों को सीढ़ियों के सहारे नीचे उतारा। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग से लाखों रुपये की संपत्ति जल गई। नाखोरी मोहल्ला निवासी नमकीन कारोबारी राजेंद्र प्रसाद गुप्ता की नयागंज में फर्रुखाबाद नमकीन के नाम से दुकान है। परिवार में दो भाई रामेंद्र और गुड्डू गुप्ता हैं। चार मंजिला मकान के ग्राउंड फ्लोर में नमकीन का कारखाना है। इसमें लगी डीजल चालित भट्ठियों पर करीब एक दर्जन कारीगर नमकीन तैयार कर रहे थे। गुरुवार शाम करीब चार बजे अचानक तेल से खौलती कड़ाही में आग लग गई। कुछ ही देर में पूरा कारखाना आग के गोले में तब्दील हो गया। कारखाने से ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं तो कारीगर जान बचाकर बाहर की ओर भाग निकले। चीफ फायर आफीसर के मुताबिक कारखाने में 15 टिन रिफाइंड, दस टिन डालडा, पांच कुंतल बेसन, दो कुंतल मैदा रखा हुआ था।

## रूसी सेना ने यूक्रेन के प्रमुख बंदरगाह पर कब्जा किया



### नागरिकों ने आक्रमणकारियों के खिलाफ छेड़ा गुरिल्ला युद्ध

**कीव।** रूसी सेना ने यूक्रेन के एक प्रमुख बंदरगाह पर कब्जा कर लिया और देश को उसकी तटरेखा से अलग करने के प्रयासों के तहत एक अन्य की घेराबंदी कर ली है। वहीं यूक्रेन ने अपने नागरिकों से आक्रमणकारियों के खिलाफ गुरिल्ला युद्ध छेड़ने का आह्वान किया है। डनाइपर नदी पर बसे शहर एनेरहोदार में लड़ाई तब हुई है जब दोनों पक्षों ने खूनखराबे को रोकने के उद्देश्य से एक और दौर की वार्ता के लिए बैठक की। यह शहर देश के लिए करीब एक चौथाई ऊर्जा उत्पादन के लिए जिम्मेदार है। यूरोप में सबसे बड़े परमाणु संयंत्र के स्थल एनेरहोदार के मेयर ने कहा कि यूक्रेन की सेना शहर के बाहरी इलाकों में रूसी सेना से लड़ रही है। दिमित्रो ओरलोव ने निवासियों से अपने घरों को न छोड़ने का अनुरोध किया। यूक्रेन को तटरेखा से अलग करने का देश की अर्थव्यवस्था पर करारा असर पड़ेगा और रूस को क्रीमिया तक उसकी सीमा से एक जमीनी गलियारा बनाने में मदद मिलेगी। रूसी सेना ने कहा कि उसके पास खेरसॉन का नियंत्रण था, और स्थानीय यूक्रेनी अधिकारियों ने पुष्टि की कि रूसी बलों ने काला सागर बंदरगाह में स्थानीय सरकारी मुख्यालय पर कब्जा कर लिया है, जिससे यह एक सप्ताह पहले आक्रमण शुरू होने के बाद से कब्जे में आने वाला पहला बड़ा शहर बन गया। राजधानी कीव के बाहर भी टैंक और अन्य वाहन खड़े नजर आ रहे है। आजोव सागर, मारियुपोल पर एक और रणनीतिक बंदरगाह शहर के बाहरी इलाके में बृहस्पतिवार को जबरदस्त लड़ाई जारी रही। बिजली और फोन कनेक्शन काफी हद तक बंद हैं, और घरों तथा दुकानदारों को भोजन और पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है। फोन कनेक्शन उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में चिकित्सकों को नहीं पता था कि घायलों को कहां ले जाना है।

संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी के आंकड़े के अनुसार युद्ध के केवल सात दिनों में, यूक्रेन की दो प्रतिशत से अधिक आबादी को देश से बाहर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय का कहना है कि रूस के हमले के बाद यूक्रेन में कम से कम 227 नागरिकों की मौत हुई है और 525 अन्य लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि रूस की थल सेना को रोक दिया गया है।

## अखिलेश का तंज..बाबा 10 मार्च के बाद बुल और डॉग से खेलने वाले

**लखनऊ।** यूपी की सियासत में बुल्डोजर का जिक्र छिड़ा, तब फिर रुकने का नाम नहीं ले रहा है। सीएम योगी की जनसभाओं में लगातार बुल्डोजर दिख रहा है, इतना ही नहीं योगी 10 मार्च के बाद फिर बुल्डोजर को तेज रफ्तार से चलाने का दम भरकर गुंडों-माफियाओं को ललकार भी रहे हैं। दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भी बुल्डोजर को लेकर सीएम योगी पर वार कर रहे हैं। उन्होंने फिर एक वीडियो शेयर कर सीएम पर योगी तंज कसा। अखिलेश ने लिखा बुलडोजर बाबा अब खाली होकर बुल और डॉग से खेलने वाले हैं, इस वीडियो में दो जेसीबी दिख रही हैं, जिस पर एक युवक साइकिल जम्प कराते हुए करतब दिखाता नजर आ रहा है। उधर, तीन



मार्च को छठे चरण का मतदान होने के बाद राजनीतिक दल और नेता सातवें चरण के लिए प्रचार अभियान में जुट गए हैं। भाजपा की ओर से पीएम मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, सीएम योगी और तमाम बड़े नेता ने वाराणसी और सातवें चरण के मतदान वाले अन्य इलाकों में धुआंधार कैम्पेन अभियान चलाए हुए हैं। उधर, अखिलेश यादव भी ताबड़तोड़ जनसभाएं कर भाजपा पर हमले में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। दोनों ओर से जमकर आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। इन आरोप-प्रत्यारोपों के बीच बुल्डोजर भी इस बार के चुनाव प्रचार अभियान का हिस्सा है।

योगी और अखिलेश दोनों इसका अपने-अपने ढंग से उल्लेख कर रहे हैं। सीएम योगी जहां माफियाओं और गुंडों की संपत्ति को रौंदने वाला बताकर 10 मार्च के बाद फिर बुल्डोजर की रफ्तार बढ़ने का दावा कर रहे हैं। वहीं अखिलेश आरोप लगा रहे हैं कि बुल्डोजर सभी माफियाओं के यहां नहीं जाता। लखीमपुर खीरी हिंसा का बार-बार जिक्र कर अखिलेश सवाल उठाते हैं, कि किसानों पर गाड़ी चढ़ाने वालों की संपत्ति पर बुल्डोजर कब चलेगा।

## मेरे रहते दल बदलुओं को कांग्रेस में फिर वापसी संभव नहीं : प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेत्री और उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी ने दो टूक शब्दों में दल बदलुओं का कड़ा संदेश दिया है और कहा कि कांग्रेस छोड़ने वालों की दोबारा पार्टी में वापसी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जब तक वो प्रभारी हैं तब तक ऐसे नेताओं के लिए पार्टी में कोई जगह नहीं है। बता दें कि उत्तर प्रदेश चुनाव से पहले कई नेताओं कांग्रेस का हाथ छोड़ बीजेपी का दामन लिया था। एक बातचीत करते हुए प्रियंका ने कहा, 'जो पार्टी छोड़कर चले गए उनके लिए हमारे दरवाजे कभी नहीं खुलेंगे। जब तक मैं प्रभारी हूं तब तक उनके लिए पार्टी में कोई जगह नहीं है। जब लड़ना था, जब हिम्मत चाहिए थी, तब आप दुम दबाकर भाग



गए। आज जो कार्यकर्ता लड़ रहे हैं, पार्टी के पदों पर उनका हक है।'

पंजाब से लेकर उत्तर प्रदेश और फिर उत्तर पूर्व, देश के हर कोने में कांग्रेस का यही हाल है। दिन ब दिन पार्टी कमज़ोर होती जा रही है। बता दें कि हाल के दिनों में कांग्रेस ने कई नेताओं ने पार्टी छोड़ दी। हाल ही में पूर्व कानून मंत्री अश्वनी कुमार ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि जो नई कांग्रेस बनाई गई है उसका भविष्य बहुत अंधकारमय है। अगर पार्टी का ढांचा ही ठीक नहीं होगा तो आपको दिक्कत होगी। इससे पहले कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद आरपीएन सिंह भाजपा में शामिल हो गए थे। हर राज्य में चुनाव से पहले या फिर बाद में कांग्रेसी नेताओं के बीच भगड़द मच जाती है। पार्टी में गुटबाज़ी और सम्मान न मिलने का आरोप लगा कर नेता लगातार पार्टी छोड़ रहे हैं। पंजाब से लेकर उत्तर प्रदेश और फिर उत्तर पूर्व, देश के हर कोने में कांग्रेस का यही हाल है।

## खास खबर

### जीजा ने साली को कुएं में फेंका, पुलिस ने दो दिन बाद जिंदा खोज निकाला

**अलवर।** राजस्थान के अलवर में दो दिन से लापता 17 वर्षीय छात्रा घायल अवस्था में कुएं में पड़ी मिली। मामले में पुलिस ने आरोपी जीजा को हिरासत में लिया है। पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम के मुताबिक,2 मार्च 2022 से लापता लड़की को ढूंढने की कोशिश में पुलिस जुटी थी।सीसीटीवी फुटेज और आरोपी जीजा की निशानदेही पर लड़की को सूखे कुएं से बरामद किया।करीब 35 घंटे लंबे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद लड़की को बाहर निकाला गया। जांच के दौरान इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला,तब लड़की अपने जीजा के साथ जाती दिखी। इस आधार पर जीजा से पूछताछ की,तब पता चला कि उसने लड़की का गला घोटकर कुएं में फेंक दिया था। इसके बाद खाली प्लॉट में बने कुएं से उस लड़की को निकाला। देखा कि लड़की की सांसे चल रही थीं। इसबारे में आरोपी जीजा को हिरासत में ले पूछताछ जारी है। वहीं, छात्रा की हालत गंभीर बनी हुई है, इसकारण लड़की को जयपुर रेफर कर दिया गया है।

### अलगाव वादी नेता रहे सैयद अली गिलानी के घर से हटाई गई सुरक्षा

**कश्मीर।** कश्मीर में अलगाव वादी नेता सैयद अली गिलानी की मौत के छह महीने बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गिलानी के घर से सुरक्षा हटा ली है। सुरक्षा हटाते हुये सुरक्षाकर्मीयों को वापस उन्हें अपने आलाधिकारियों को रिपोर्ट करने के आदेश दिया गया है। कल देर रात गिलानी के घर से सभी सुरक्षाकर्मियों को वहां से हटा लिया गया। यह पहली बार है जब 1990 के बाद गिलानी का घर अब बिना सुरक्षा कवर के रहेगा। 1990 में पहली बार गिलानी के घर के बाहर सुरक्षा घेराबंदी की गई थी। हालांकि सैयद अली गिलानी कभी भी राज्य के संरक्षण में नहीं थे और उन्होंने व्यक्तिगत सुरक्षा लेने से इंकार कर दिया था। हालांकि उस समय तात्कालिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुये उनके घर को सुरक्षा मुहैया कराई गई थी। अधिकारियों ने कहा कि उन्हें लगभग एक दशक तक नजरबंद रखा गया था और नजरबंदी को लागू करने के लिए सुरक्षा को स्थायी रूप से वहां तैनात किया गया था। सैयद अली गिलानी का पिछले साल 1 सितंबर को उनके हैदरपोरा स्थित आवास पर निधन हो गया था और सैयद अली गिलानी के बाद सुरक्षाकर्मी उनके घर के बाहर और सड़क पर मौजूद रहते थे।

### मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास ने अखिलेश यादव का नाम लेकर अफसरों को दी धमकी

**नई दिल्ली।** जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे और सपा गठबंधन के प्रत्याशी अब्बास अंसारी ने सरकार बनने पर अफसरों से हिसाब-किताब की धमकी दी है। सुभासपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे अब्बास का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उसने अखिलेश यादव का नाम लेकर कहा है कि ट्रांसफर से पहले अधिकारियों से हिसाब-किताब होगा। वीडियो वायरल होने के बाद एडीजी लॉ प्रशांत कुमार की ओर से कार्रवाई का आदेश दिया है। अब्बास के खिलाफ मऊ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। वीडियो में अब्बास कहता है, %%समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी से कहकर आया हूं कि छह महीने तक किसी की ट्रांसफर-पोस्टिंग नहीं होगी भइया। जो यहां है, यहीं रहेगा, पहले हिसाब किताब होगा। उसके बाद उनके जाने के सर्टिफिकेट पर मुहर लगाया जाएगा।% वीडियो वायरल होने के बाद एडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार ने इसका संज्ञान लिया। वीडियो की जांच के बाद उन्होंने अंसारी के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया है। इस बीच मऊ पुलिस ने सपा प्रत्याशी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। अब्बास अंसारी का यह वीडियो ऐसे समय पर सामने आया है जब मऊ में सातवें और अंतिम चरण में 7 मार्च को वोटिंग होगी। वोटिंग से ठीक पहले अब्बास ने सपा गठबंधन को घेरने के लिए भाजपा को एक और हथियार दे दिया है।

### 28 सालों तक काटी फरारी जंगल में रहा पत्नी से भी नहीं मिला

**नई दिल्ली।** एक युवक पिछले 28 सालों से कानून की आंखों में धूल झोंक कर छिपा हुआ था। लेकिन आखिरकार वो कानून के लंबे हाथों से बच नहीं सका। हम बात कर रहे हैं बाला जोशी की। बाला जोशी उर्फ बलराम पर आरोप है कि शराब पीकर उसने अपने दोस्त की हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड के बाद से बलराम जंगल में जाकर छिप गया। पुलिस से बचने के लिए वो सड़क किनारे छोटे-छोटे ढाबों में काम करने लगा। वो सुदूर गांवों में ठहरता था और किसी एक स्थान पर ज्यादा समय तक नहीं रहता था। इतना ही नहीं पुलिस से बचने के लिए बलराम अपने बीवी, बच्चों से भी नहीं मिला।

## न्यूज़ ट्रैक....

### चहल तीन नंबर की पिंक जर्सी में उतरेंगे

**नई दिल्ली** । स्पिनर युजवेंद्र चहल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र में राजस्थान रॉयल्स की ओ से खेलते हुए तीन नंबर की पिंक जर्सी में उतरेंगे। इससे पहले चहल आरसीबी टीम में थे पर इस बार उन्हें आरसीबी ने रिटेन नहीं किया था और मेगा नीलामी में राजस्थान की टीम ने उन्हें 6.5 करोड़ रुपए में खरीदा। चहल यहां किस नंबर की जर्सी पहनेगें, इसका खुलासा उन्होंने एक वीडियो में किया है। राजस्थान रॉयल्स ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो को इस स्पिनर ने भी रिट्वीट किया है। इस वीडियो में टीम के मैनेजर चहल को फोन लगाते हैं। बातचीत के दौरान वह चहल का नई टीम में स्वागत करते हैं। इस दौरान टीम मैनेजर कहते हैं कि वह जल्द ही चहल को पिंक जर्सी में देखना चाहते हैं। बातचीत के समय चहल कहते है कि उनका जर्सी नंबर-3 ही रहेगा। इसके बाद टीम मैनेजर उनकी बात से सहमति जताते हुए कहते हैं कि हां उनकी जर्सी का नंबर-3 ही रहेगा। चहल ने साल 2011 में आईपीएल में पदार्पण किया था। इस साल वह मुंबई इंडियंस का हिस्सा था। इसके बाद वह आरसीबी के लिए खेलने लगे थे।

### 9 साल बाद रणजी में विकेट मिलने पर भावुक बुए श्रीसंत

**नई दिल्ली** । टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेट एस श्रीसंत 9 साल बाद घरेलू रणजी ट्रॉफी मुकाबले में विकेट मिलने पर भावुक हो गये। श्रीसंत ने केरल की ओर से खेलते हुए मेघालय के खिलाफ सत्र का अपना विकेट लिया। इसे लेकर उन्होंने सोशल मीडिया पर प्रशंसकों के लिए एक विडियो साझा किया है। इसमें श्रीसंत भावुक होकर पिच पर लेटे नजर आ रहे हैं। श्रीसंत को खेल में वापसी करते हुए 9 साल बाद फर्स्ट क्लास क्रिकेट में कोई विकेट मिला है। श्रीसंत ने इस वीडियो को स्वयं ही अपने ट्विटर हैंडल पर साझा किया है। यह वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।
श्रीसंत ने ट्वीट कर लिखा, '9 साल बाद यह मेरा पहला विकेट है। ईश्वर की कृपा से जब मुझे पहला विकेट मिला, तो मैं बहुत ज्यादा खुश हो गया और जमीन पर लेट कर प्रणाम करने लगा।' श्रीसंत साल 2013 के बाद से ही पहली बार प्रथम श्रेणी के किसी मैच में खेल रहे हैं। 38 साल के श्रीसंत ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में अब तक 213 विकेट लिए हैं। इस दौरान उन्होंने 6 बार 5 विकेट लिए लिए हैं।

### ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर रॉडनी मार्श नहीं रहे

**ब्रिसबेन** । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज रॉडनी विलियम मार्श का निधन हो गय है। 74 साल के मार्श को एक सप्ताह पहले दिन का दौरा पड़ा था। उसी के बाद से ही वह बीमार चल रहे थे। उन्हें यह दौरा क्वीन्सलैंड में धर्मार्थ कार्यों के लिए पैसा जुटाने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पड़ा था। स्पोर्ट आस्ट्रेलिया हॉल ऑफ ने अपने एक बयान में कहा है कि साल 1970 से 1984 के बीच 96 टेस्ट खेलने वाले मार्श का एडीलेड के एक अस्पताल में निधन हो गया है। उनके नाम विकेटकीपर के तौर पर 355 शिकार का रिकॉर्ड भी था। इस क्रिकेटर ने ऑस्ट्रेलिया की ओर से 92 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले भी खेले थे। उन्होंने फरवरी 1984 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।। वह टेस्ट क्रिकेट में शतक लगाने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर थे। उन्होंने अपने करियर में तीन टेस्ट शतक लगाये थे। मार्श ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमियों के प्रमुख भी रहे थे। वह दुबई में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की विश्व कोचिंग अकादमी के पहले प्रमुख भी रहे थे।

### भारत vs श्रीलंका मोहाली टेस्ट


मोहाली में पूर्व कप्तान विराट कोहली को सौवें टेस्ट के अवसर पर कैप प्रदान करते हुए मुख्य कोच राहुल द्रविड़।


मोहाली में भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल के आउट होने के बाद उत्साहित श्रीलंकाई खिलाड़ी।

# टीम इंडिया का तीसरा विकेट गिरा, 100वें टेस्ट में 45 रन बनाकर विराट आउट

**मोहाली।** श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में टीम इंडिया टॉस जीतकर बल्लेबाजी कर रही है। भारत ने 43 ओवर में 2 विकेट खोकर 170 रन बना लिए हैं। विराट कोहली 45 रन और हनुमा विहारी 56 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। दोनों के बीच 90+ रन की साझेदारी हो चुकी है।

**कोहली बने 8 हजारी:** पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने टेस्ट फॉर्मेट में अपने 8 हजार रन पूरे कर लिए हैं। कोहली ने पारी का 38वां रन बनाने के साथ ही टेस्ट में ये उपलब्धि हासिल की। टीम इंडिया के लिए 8,000 टेस्ट रन बनाने वाले विराट कोहली छठे खिलाड़ी बने हैं। उनसे पहले सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण और वीरेंद्र सहवाग ही यह उपलब्धि हासिल कर पाए हैं।

### श्रीलंकाई गेंदबाजों ने ऐसे लिया रोहित- मयंक का विकेट

19वें ओवर की तीसरी गेंद पर लसिथ एम्बुलदेनिया ने मयंक अग्रवाल को LBW आउट किया। मयंक टर्न के लिए खेलने गए और गेंद सीधी रह गई। हनुमा विहारी ने मयंक को रिव्यू लेने के लिए मना कर दिया। विहारी का ये फैसला सही साबित हुआ। गेंद सीधे विकेट पर लग रही थी। रोहित शर्मा ने 10वीं ओवर की पांचवीं गेंद पर लाहिरू कुमारा की गेंद को लेग साइड में सीमा रेखा के बाहर भेजने का प्रयास किया, लेकिन वह कामयाब नहीं हो पाए और फाइन लेग बांउड्री पर कैच दे बैठे। वो 29 रन बनाकर आउट हुए। चौथे ओवर में श्रीलंका के लिए विश्वा फर्नांडो गेंदबाजी करने आए। इस ओवर में रोहित ने उन्हें तीन जोरदार चौ जड़ दिए। चेतेश्वर पुजारा की जगह नंबर 3 पर खेल रहे हनुमा विहारी ने शानदार बैटिंग करते हुए टेस्ट क्रिकेट में अपना 5वां अर्धशतक पूरा किया। भारतीय टीम को 52 रन के स्कोर पर पहला झटका लगा। कप्तान रोहित शर्मा 28 बॉल पर 29 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, टीम का दूसरा विकेट 80 रन पर गिरा। मयंक अग्रवाल 33 रन बनाकर आउट हुए। पहले टेस्ट में रहाणे और पुजारा की जगह हनुमा विहारी और श्रेयस अय्यर को मौका मिला है। भारत ने प्लेइंग इलेवन में 3 स्पिनर और 2 तेज गेंदबाजों को शामिल किया है।

### कोहली का 100वां टेस्ट

मोहाली टेस्ट मैच पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली का 100वां टेस्ट है। कोहली 100 टेस्ट खेलने वाले दुनिया के 71वें और भारत के 12वें खिलाड़ी बने हैं। टीम इंडिया के कोच राहुल द्रविड़ ने विराट को 100वें टेस्ट में स्पेशल कैप सौंपी। इस दौरान मैदान पर कोहली के साथ उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा भी थी।

### रोहित युग की शुरुआत

बतौर टेस्ट कैप्टन रोहित शर्मा की ये पहली सीरीज है। रोहित भारत के 35वें टेस्ट कप्तान हैं। लिमिटेड ओवर मैचों में फुलटाइम कैप्टन बनने के बाद रोहित शर्मा ने 12 मैचों की कप्तानी की है, जिसमें उन्होंने एक भी मैच नहीं गंवाया है। हालांकि टेस्ट क्रिकेट में चुनौतियां काफी अलग होंगी। पिछले साल इंग्लैंड दौरे के बाद से रोहित ने एक भी टेस्ट मैच नहीं खेला है। वे 6 महीने बाद इस फॉर्मेट में वापसी कर रहे हैं।

**पहले टेस्ट के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है**-रोहित शर्मा, मयंक अग्रवाल, हनुमा विहारी, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह और जयंत यादव।

**श्रीलंका की प्लेइंग इलेवन :** दिमुथ करुणरत्ने, लाहिरू थिरिमाने, पाथुम निसांका, चरित असलांका, एंजेलो मैथ्यूज, धनंजय डी सिल्वा, निरोशन डिकवेला, सुरंगा लकमल, विश्वा फर्नांडों, लसित एमबुलडेनिया और लाहिरू कुमारा।

## शारजाह में टी20 में खेलते नजर आएंगे पूर्व क्रिकेटर

**मुम्बई** । प्रशंसकों को 6 मार्च से शारजाह में एक टी-10 टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों के साथ ही बॉलीवुड अभिनेताओं को खेलते हुए देखने का भी अवसर मिलेगा। इन मुकाबलों में मोहम्मद अजहरुद्दीन, अजय जडेजा, इरफान पठान, मोहम्मद कैफ, विनोद कांबली, मुनाफ पटेल और वेंकटेश प्रसाद जैसे भारतीय क्रिकेटर दिखेंगे। अजहरुद्दीन इंडिया लीजेंड्स टीम का नेतृत्व करेंगे।टूर्नामेंट में पाकिस्तान लीजेंड्स (इमरान नजीर के नेतृत्व में) जबकि वर्ल्ड लीजेंड्स इलेवन श्रीलंका के अजंता मेंडिस के नेतृत्व में उतरेगी। इसके अलावा एक बॉलीवुड किंग्स टीम अभिनेता सुनील शेट्टी के नेतृत्व में खेलेगी। इसमें क्रिकेटर से अभिनेता बने एस श्रीसंत और सलिल अंकोला जैसे पूर्व क्रिकेटर भी खेलेंगे। आयोजकों को उम्मीद है कि इस टी20 मुकाबले को देखने के लिए स्टेडियम में भारी तादाद में दर्शक आयेंगे।

### चारों टीमें इस प्रकार हैं

इंडिया लीजेंड्स ञ मोहम्मद अजहरुद्दीन, अजय जडेजा, वूर्करी रमन, विनोद कांबली, मोहम्मद कैफ, रॉबिन सिंह, नयन मोंगिया, इरफान पठान, वेंकटेश प्रसाद, मुनाफ पटेल।

पाकिस्तान लीजेंड्स ञ इमरान नजीर, मोहम्मद यूसुफ, सलमान बट, तौफीक उमर, मोहम्मद इरफान, यासिर हमीद, राणा नवीद, रजा हसन।

वर्ल्ड लीजेंड्स इलेवन ञ अजंता मेंडिस, दिलशान तिलकरत्ने, एल्टन चिगुंबुरा, चामिंडा वास, अब्दुल रज्जाक, समीउल्लाह शिनवारी, जुपिटर घोष, जॉन सिम्पसन

बॉलीवुड किंग्स ञ सुनील शेट्टी, सोहेल खान, आफताब शिवदासानी, साकिब सलीम, शब्बीर अहलूवाला, जय भरुशाली, शरद केलकर, सलिल अंकोला, एस श्रीसंत।

## जून में दक्षिण अफ्रीका से टी20 सीरीज खेलेगी भारतीय टीम

**मुम्बई** । भारतीय क्रिकेट टीम जून में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर टी20 सीरीज खेलेगी। 5 मैचों की इस घरेलू टी20 सीरीज का आयोजन आईपीएल के 15 सत्र के समाप्त होने के बाद होगा। इसके मुकाबले कटक, विशाखापत्तनम, दिल्ली, राजकोट और चेन्नई में खेले जाएंगे। बीसीसीआई के अनुसार इस सीरीज का पहला टी20 मैच 9 जून को जबकि 5वां और अंतिम मुकाबला 19 जून को खेला जाएगा। इस साल के अंत में होने वाले ऑस्ट्रेलिया में अक्टूबर-नवंबर में होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए ही यह सीरीज दोनों टीमों के लिए अहम बतायी जा रही है। भारतीय क्रिकेट टीम के हौसले इस समय बुलंद हैं। टीम इंडिया इस समय आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर कायम है। भारतीय टीम ने लगातार 12 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीतकर अफगानिस्तान के सबसे ज्यादा मैच जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। टीम इंडिया के पास दक्षिण अफ्रीका को हराकर अपने नाम बड़ा रिकॉर्ड दर्ज करने का अवसर होगा। भारतीय टीम के लिए यह साल बेहद व्यस्त रहने वाला है। भारतीय टीम को जून में आयरलैंड का भी दौरा करेगीहै। क्रिकेट आयरलैंड के जारी कार्यक्रम के अनुसार दोनों टीमों के बीच जून के अंतिम सप्ताह में 2 टी20 मुकाबले खेले जाएंगे। सीरीज का पहला टी20 मैच 26 जून को जबकि दूसरा 28 जून को खेला जाएगा। भारतीय टीम इससे पहले अंतिम बार साल 2018 में आयरलैंड गयी थी।

## व्यापार न्यूज

### कच्चा तेल का भाव 117 डॉलर पर

**मुंबई** । रूस और यूक्रेन के बीच लगातार जारी संघर्ष से कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत एक दशक के शिखर पर जा पहुंची। तीन फीसदी से ज्यादा की तेजी लेते हुए इसका भाव 117 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। गौरतलब है कि ब्रेंट क्रूड के दाम में उबाल से भारतीयों की चिंता बढ़ गई है। इस संबंध में आई एक हालिया रिपोर्ट की मानें तो ओपेक प्लस देशों ने कच्चे तेल का उत्पादन न बढ़ाने के फैसला किया है। यही कारण है कि कच्चे तेल की कीमतों में जोरदार तेजी देखने को मिल रही है। ???जिस तरह कच्चा तेल की कीमतें बढ़ी है वहीं दूसरी ओर डब्ल्यूटीआई क्रूड की कीमत 2.67 फीसदी की तेजी लेते हुए 113.6 डॉलर प्रति बैरल हो गई। ब्रेंट क्रूड का भाव 2011 के बाद सबसे ज्यादा है। गौरतलब है ?कि कच्चे तेल की कीमतों में आ रहे उछाल का सबसे ज्यादा असर भारत पर दिखाई देगा। इसके कारण देश में पेट्रोल और डीजल के दाम में बड़ी तेजी आने की संभावना जताई जा रही है। बता दें कि कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद भी देश में बीते चार महीनों से पेट्रोल और डीजल के दाम स्थिर बने हुए हैं। हालांकि इसके पीछे देश के पांच राज्यों में जारी विधानसभा चुनाव को कारण बताया जा रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार 10 मार्च को चुनाव परिणाम सामने आने के बाद देश में इनकी कीमत बढ़ सकती है।

### आईटीयू दिल्ली में खोलेगा क्षेत्रीय कार्यालय

**नई दिल्ली** । सयुंक्त राष्ट्र (यूएन) का दूरसंचार निकाय अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) दक्षिण एशिया के लिए नई दिल्ली में एक क्षेत्रीय कार्यालय और नवाचार केंद्र स्थापित करेगा। इस केंद्र को स्थापित करने के लिए दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव और आईटीयू के महासचिव हाउलीन जाओ ने ऑनलाइन माध्यम से एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना से भारत और दक्षिण एशियाई देशों को वैश्विक नीति और दूरसंचार के क्षेत्र में मानक निर्माण में अधिक पहुंच और संपर्क मिलेगा। समारोह के बाद संवाददाताओं से कहा ?कि सरकार और आईटीयू ने पूरे दक्षिण एशियाई क्षेत्र के दूरसंचार के लिए एक क्षेत्रीय कार्यालय और नवाचार केंद्र स्थापित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए है।

### एनएसई ने प्रबंध निदेशक के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**नई दिल्ली** । नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने नए प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी की तलाश शुरू कर दी है क्योंकि इसके मौजूदा प्रमुख विक्रम लिमये का पांच साल का कार्यकाल जुलाई में समाप्त होने जा रहा है। शुक्रवार को जारी एक सार्वजनिक नोटिस में एनएसई ने इस पद के लिए ऐसे उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं जिन्हें आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का अनुभव हो। आवेदन देने की अंतिम तिथि 25 मार्च है।

**भारत में 1.6 लाख करोड़ के दवा बाजार में अधिसूचित दवाओं की हिस्सेदारी 18 प्रतिशत**


# अगले महीने से 10 फीसदी तक बढ़त सकती है दवाइयों की कीमत

**मुंबई** । अप्रैल से अधिसूचित दवाइयों की कीमतों में 10 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हो सकती है। राष्ट्रीय दवा मूल्य नियामक थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) में हुए बदलाव के हिसाब से इन दवाओं की कीमतें बढ़ाने की इजाजत दे सकता है। भारत में 1.6 लाख करोड़ रुपए मूल्य के दवा बाजार में अधिसूचित दवाओं की हिस्सेदारी 17-18 प्रतिशत है। अधिसूचित दवाओं का मूल्य सरकार तय करती है। राष्ट्रीय औषधि मूल्य प्राधिकरण (एनपीपीए) औषधि मूल्य नियंत्रण आदेश, 2013 के दायरे में आने वाली दवाओं का मूल्य निर्धारित करता है। हर साल मार्च में नियामक थोक महंगाई में सालाना बदलाव देखकर तय करता है कि दवा कंपनियां दाम कितने बढ़ा सकती हैं। अधिसूचित दवाएं आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची (एनएलईएम) में आती हैं। इस सूची में एंटीबायोटिक , विटामिन, मधुमेह, रक्तचाप नियंत्रक सहित अन्य दवाएं आती हैं। दवा कंपनियां गैर-अधिसूचित दवाओं के दाम हर साल 10 प्रतिशत तक बढ़ा सकती हैं। बढ़ी हुई कीमतें प्रत्येक वर्ष 1 अप्रैल से प्रभावी होती हैं। गैर-अधिसूचित दवाएं मूल्य नियंत्रण के दायरे में नहीं आती हैं। दवा उद्योग को लगता है कि डब्ल्यूपीआई में



बदलाव के आधार पर एनपीपीए अधिसूचित दवाओं की कीमतों में 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की अनुमति दे सकता है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार के कार्यालय के अनुसार जनवरी 2022 में थोक मूल्य महंगाई 12.96 प्रतिशत थी जो जनवरी 2021 में 2.51 प्रतिशत थी। एनपीपीए के साथ काम कर चुके एक पूर्व सरकारी अधिकारी ने कहा ?कि इस वर्ष अप्रैल में अधिसूचित दवाओं की कीमतें बढ़ीं तो यह डीपीसीओ 2013 के बाद से दाम में सबसे बड़ा इजाफा होगा। दवा उद्योग से जुड़े लोग भी इससे सहमत हैं। इस बारे में इस उद्योग के एक प्रतिनिधि ने कहा ?कि हमें हर साल 0.5 प्रतिशत से 4 प्रतिशत तक दाम बढ़ाने की अनुमति मिलती है, जो अधिकतम होती है। ऐसी करीब 800 दवाएं हैं जो मूल्य नियंत्रण के दायरे में आती हैं। अगर दाम 10 प्रतिशत तक बढ़ते हैं तो 2013 के बाद पहली बार ऐसा होगा जब इतना बड़ा इजाफा होगा। 2016 में तो दवा कंपनियों को अधिसूचित दवाओं की कीमतें घटानी पड़ी थीं क्योंकि ??वित्तीय वर्ष 2015 में पिछले वर्ष की तुलना में डब्ल्यूपीआई में 2.71 प्रतिशत कमी आ गई थी। वास्तव में कीमतों में बढ़ोतरी 10 प्रतिशत से कम रह सकती है। दवा कंपनियों का कहना है कि इस वर्ष डब्ल्यूपीआई के आधार पर एनएलईएम दवाओं के दाम में 10 प्रतिशत तक वृद्धि की इजाजत दे सकता है मगर वास्तविक इजाफा इतना नहीं होगा।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 11 पैसे टूटा



**मुंबई** । रूस और यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के चलते रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 11 पैसे टूटकर 76.05 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और घरेलू शेयर बाजार में कमजोर रुख से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 76.06 पर खुला। फिर यह मामूली बढ़त के साथ 76.05 पर आ गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 11 पैसे की गिरावट को दर्शाता है। रुपया पिछले सत्र में 75.94 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 प्रतिशत बढ़कर 97.92 पर था।

## सोने और चांदी की कीमतों में तेजी जारी



**नई दिल्ली** । एमसीएक्स पर शुक्रवार को सोने की कीमत 0.57 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 52,067 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। इसके साथ ही चांदी की कीमत में 0.51 फीसदी की तेजी आई और इसका भाव बढ़कर 68,247 रुपए प्रति किलोग्राम हो गया है। रूस और यूक्रेन के बीच जंग तेज हो चुकी है और इस संघर्ष का आठ दिन बीत चुके हैं। जंग तेज होने के चलते कीमती धातुओं के दाम में उछाल भी लगातार जारी है। एमसीएक्स पर शुक्रवार को सोने की कीमत 0.57 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 52,067 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। जहां सोने के दाम में जोरदार उछाल आया है तो वहीं दूसरी ओर चांदी के दाम मे तेजी भी थमने का नाम नहीं ले रही है। इसका भाव 68 हजार के पार बना हुआ है। शुक्रवार को चांदी की कीमत में 0.51 फीसदी की तेजी आई। इसके साथ चांदी का भाव बढ़कर 68,247 रुपए प्रति किलोग्राम हो गया है। बीते कारोबारी दिन गुरुवार को भी सोने और चांदी की कीमतों में जोरदार तेजी देखने को मिली थी।






# टोयोटा ने पिछले महीने बेचीं 8,745 कारें

**नई दिल्ली** । जानीमानी कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने फरवरी 2022 में 8,745 कारें बेचीं, जो कि करीब 19 फीसदी की मंथली ग्रोथ के साथ है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कार सेल्स रिपोर्ट जारी कर दी है। जनवरी 2022 में टोयोटा ने कुल 7328 कारें ही बेची थीं। हालांकि, सालाना ग्रोथ में करीब 38 फीसदी की कमी देखने को मिली है। टोयोटा भारत में ग्लांजा, अर्बन क्रूजर, टोयोटा कैम्री, इनोवा क्रिस्टा और फॉर्च्यूनर जैसी कारें बेचती हैं, जो कि हैचबैक, सेडान और एसयूवी सेगमेंट की हैं।

आज हम आपको टोयोटा इंडिया की फरवरी 2022 सेल्स रिपोर्ट से अवगत कराते हैं। टोयोटा



किर्लोस्कर मोटर ने साल 2022 के दूसरे महीने फरवरी में कुल 8745 कारें बेचीं। यह आंकड़ा तो ज्यादा नहीं है, लेकिन जनवरी 2022 के मुकाबले 19 फीसदी ज्यादा जरूर है। हालांकि, फरवरी में टोयोटा कारों की सालाना बिक्री के आंकड़े देखें तो पिछले साल फरवरी में टोयोटा ने कुल 14,075 कारें बेची थी, जिसका मतलब यह है कि पिछले साल के मुकाबले टोयोटा ने इस साल फरवरी में करीब 38 फीसदी कम कारें बेची हैं। ये सभी डोमेस्टिक मार्केट में टोयोटा की कारों की बिक्री के आंकड़े हैं। टीकेएम में सेल्स और स्ट्रैटजिक मार्केट के एसोसिएट वाइस प्रेजिडेंट अतुल सूद ने प्रीमियम सेडान न्यू काम्री हायब्रिड को मिल रहे जबरदस्त रिस्पॉन्स पर ग्राहकों के प्रति आभार जताया है। आपको बता दें कि टोयोटा इस साल मारुति सुजुकी के साथ पार्टनरशिप में नई एसयूवी पेश करेगी और साथ ही टोयोटा रूमियन जैसी एमपीवी भी लॉन्च करने की तैयारी में है। सबसे पहले तो लाइफस्टाइल पिकअप ट्रक टोयोटा हाइलक्स आ रही है।

# मैं अपने कर्व्स को लेकर काफी कॉन्फिडेंट हूं: आकांक्षा पुरी



सीरियल विघ्नहर्ता गणेशा में पार्वती का किरदार निभाने वाली टीवी की मशहूर अभिनेत्री आकांक्षा पुरी का म्यूजिक वीडियो 'डेंजरस' इंटरनेट वर खूब धूम मचा रहा है. आकांक्षा ने ये खुलासा किया है कि अपनी बॉडी और उनके कर्व्स को लेकर एक्ट्रेस काफी ज्यादा कॉन्फिडेंट हैं. और पूरे आत्मविश्वास के साथ वो इन्हे फ्लॉन्ट भी करती हैं. उनके गाने के तरह वो भी मानती हैं कि उनकी बॉडी काफी डेंजरस है. जब आकांक्षा को प्यार के बारे में पूछा गया कि प्यार से ज्यादा खतरनाक होता है प्यार का खत्म होना. लेकिन फिर भी ने कहा कि आकांक्षा को प्यार पर पूरा यकीन है. वो खुद को 100 त्र लवर कहती हैं. उनके लिए अपने हमदम की मुस्कान काफी ज्यादा मायने रखती है. और इसको लेकर वो काफी ज्यादा इमोशनल भी है. आपको बता दें, बिग बॉस के सीजन 13 में आकांक्षा के एक्स बॉयफ्रेंड पारस छाबड़ा ने बिग बॉस 13 में प्रवेश किया था और इस शो के अंदर दोनों का ब्रेकअप हुआ था. काफी दिनों से आकांक्षा की विघ्नहर्ता गणेशा में वापसी को लेकर भी काफी चर्चा हो रही थी. लेकिन उन्होंने इस बात से साफ इनकार कर दिया आकांक्षा का कहना है अगर मुझे वापस लौटना होता तो मैं ये शो छोड़कर बिलकुल भी नहीं जाती. मैं काफी सोचकर अपने लाइफ में ऐसे डिसीजन लेती हूं. उनका मानना है पार्वती का किरदार लगभग खत्म हो चूका था और आगे की कहानी में पार्वती का नजरिया दिखाई देने वाला था. मैं नहीं चाहती मै जो किरदार निभा रही हूं उसकी क्रिएटिविटी खत्म हो जाए. अपने आगे के प्रोजेक्ट्स में बोल्ड और लव मेकिंग किरदार करने को लेकर आकांक्षा पुरी ने कहा है कि ऐसे किरदार करना उनके लिए प्रशंसा की बात होगी. आकांक्षा पुरी ने कहा, 'हां मुझे लव मेकिंग सीन करने वाले किरदार के ऑफर्स आ रहे हैं, लेकिन मेरे लिए यह फनी है. मैंने कोई भी ऐसा लव मेकिंग सीन नहीं किया है।

## जब धर्मेश येलांडे द्वारा रिजेक्ट हो गई थीं सान्या मल्होत्रा



बॉलीवुड अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा, जिन्होंने हाल ही में डांस दीवाने शो में गेस्ट की भूमिका निभाई थी, उन्होंने उस समय को याद किया जब वह कोरियोग्राफर धर्मेश येलांडे द्वारा रिजेक्ट कर दी गई थीं। धर्मेश, जो डांस रियलिटी शो में जज हैं, उन्होंने अपने करियर की शुरूआत में एक ऑडिशन में सान्या का चयन नहीं किया था। उस दिन को याद करती हुई सान्या ने कहा, आज मेरे लिए जीवन एक पूर्ण चक्र बन गया है। छह साल पहले, मैं एक डांस-रियलिटी शो के ऑडिशन के लिए इस स्टूडियो में आई थी और मैं ऑडिशन पास नहीं कर सकी थी। उन्होंने आगे कहा, मुझे याद है, रात के 1 बज रहे थे जब मैं फ्री हुई थी। मैं आपकी वजह से ऑडिशन पास नहीं कर पाई थी। लेकिन अब मैं यहां अपनी फिल्म के प्रचार के लिए आई हूं। धर्मेश ने सान्या को उन सभी परिश्रमों के लिए बधाई दी और सपनों को हासिल करने के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने यह भी कहा, वह किसी भी व्यक्ति के लिए एक महान उदाहरण हैं, जो अस्वीकृति का सामना करते हैं और आगे बढ़ते हैं। इस बीच, सान्या की फिल्म पगलैट नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है।

## सेट पर सबसे सुरक्षित महसूस करते हैं तबरेज खान

महाराष्ट्र में कोविड-19 मामलों में वृद्धि लगातार जारी है। इस बीच अभिनेता तबरेज खान का कहना है कि वह सेट पर सबसे सुरक्षित महसूस करते हैं। तबरेज छोटी सरदारनी धारावाहिक का हिस्सा हैं। तबरेज का कहना है कि कोविड प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए उनके सेट पर बहुत सारी सावधानियां बरती जाती हैं। उन्होंने कहा, मुझे स्थिति को देखते हुए बिल्कुल भी डर नहीं है, क्योंकि मेरे सेट पर सभी आवश्यक एहतियात के साथ अत्यंत सावधानी बरती जाती हैं। सरकार द्वारा बताए गए सभी दिशा-निर्देशों और सुरक्षा उपायों का सटीक रूप से पालन किया जाता है। प्रत्येक सदस्य की सेट में प्रवेश करने से पहले जांच की जाती है और वॉक-थ्रू मशीन के साथ पूरी तरह सैनेटाइज किया जाता है। मास्क हर समय अनिवार्य है। जब मैं सेट पर होता हूं तो सबसे सुरक्षित महसूस करता हूं। अभिनेता इससे पहले अन्य कई शो में किरदार निभा चुके हैं, जिनमें प्यार की ये एक कहानी, बाबा ऐसो वर ढूंढो और किस देश में है।

# अगले साल बॉलीवुड की फिल्म में नजर आएंगी प्रियंका चोपड़ा, खुद किया खुलासा



प्रियंका चोपड़ा बॉलीवुड की ऐसी अभिनेत्री हैं जो आज एक ग्लोबल आइकन बन चुकी है। प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड की दुनिया में अपनी पहचान बनाई है। आज वो एक इंटरनेशनल स्टार बन चुकी हैं। हालांकि पिछले काफी समय से अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की कोई बॉलीवुड फिल्म नहीं रिलीज की गई है। जबकि प्रियंका चोपड़ा के चाहने वाले उनकी अगली बॉलीवुड की फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि प्रियंका चोपड़ा की पिछली रिलीज फिल्म द स्काई इज पिंक थी। जिसमे प्रियंका चोपड़ा के अलावा फरहान अख्तर और जायरा वसीम भी साथ में नजर आए थै। ये फिल्म साल 2019 में रिलीज की गई थी। हालांकि फिल्म द स्काई इज पिंक कुछ खास कमाई नहीं कर पाई थी। इसके बाद से प्रियंका चोपड़ा ने किसी भी बॉलीवुड की फिल्म में काम नहीं किया है। लेकिन अब प्रियंका ने बताया कि वो जल्द ही बॉलीवुड की एक फिल्म में नजर आने वाली है। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में अपने फैंस के साथ ट्विटर पर सवाल जवाब सेशन रखा था। इस दौरान प्रियंका चोपड़ा ने ट्वीट करके अपने फैंस को इस सेशन में इनवाइट किया। उन्होंने लिखा कि, सेट पर ब्रेक ले रही हूं कौन जल्दी से सवाल पूछने आ रहा है। इसके बाद प्रियंका चोपड़ा के फैंस ने उनसे कई तरह के सवाल पूछे। इस सेशन के दौरान प्रियंका से उनकी अगली बॉलीवुड मूवी कब आएगी ये सवाल भी कर लिया। एक यूजर ने पूछा कि उनकी अगली बॉलीवुड फिल्म कब आएगी। इस पर अभिनेत्री ने जवाब देते हुए लिखा कि, अगले साल। प्रियंका के इस जवाब से साफ जाहिर हो रहा है कि अभिनेत्री बॉलीवुड की अगली फिल्म अगले साल रिलीज होगी। इसके अलावा बात करें अगर उनके काम की तो वो आने वाले दिनों में कई फिल्मों में नजर आने वाली हैं।

# गुड बाय के साथ बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं शिविन नारंग



वीरा से हिंदी टेलीविज़न में अपना डेब्यू करने वाले एक्टर शिविन नारंग ने इंटरनेट वाला लव, बेहद जैसे कई टीवी सीरियल्स में अपने शानदार अभिनव के साथ लोगों का दिल जीत लिया है. टीवी के ये हार्टथ्रोब जल्द ही अमिताभ बच्चन और रश्मिका मंदाना की फिल्म गुड बाय से अपना बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे है. विकास बहल इस फिल्म को डायरेक्ट करने वाले है. शिविन ने सोशल मीडिया पर इस बारें में अपने फैंस को जानकारी देते हुए गुड बाय कहा है और कैप्शन में लिखा है- 'डे 1'

लॉकडाउन से पहले शिविन को टीवी के एडवेंचर्स रिएलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' में देखा गया था. शिविन ने दिए हुए इस गुड न्यूज़ के बाद फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है. शिविन के फैंस उनकी इस फिल्म का बेताबी से इंतजार कर रहे हैं. आपको बता दे इस फिल्म की शूटिंग शुरू ही चुकी है. फिल्म की ज्यादातर शूटिंग चंडीगढ़ में होगी. रश्मि और शिविन ने शूटिंग शुरू कर दी है जल्द ही अमिताभ बच्चन भी उनके साथ शूटिंग शुरू करेंगे. अमिताभ बच्चन के साथ रश्मिका मंदाना की ये पहली फिल्म है. इस फिल्म का निर्देशन विकास बहल करेंगे और फिल्म को प्रोड्यूस एकता कपूर कर रही हैं. ये निर्देशक -प्रोड्यूसर की जोड़ी इससे पहले 'लुटेरा' और 'उड़ता पंजाब' जैसी बेहतरीन फिल्मों को बना चुकी है. जिसके बाद अब इस फिल्म को लेकर सभी बेहद उत्साहित हैं।

## 'रहना है तेरे दिल में' के सीक्वल में नज़र आ सकते विक्की कौशल और कृति सेनन




बॉलीवुड के गलियारों में काफी जबरदस्त फिल्मो पर काम चल रहा है। वही बॉलीवुड के गलियारों में कई फिल्मो के रीमेक और सीक्वल को लेकर चर्चा आती ही रहती है। आने वाले कुछ वक्त बॉलीवुड की कई फिल्मो के सीक्वल देखने को मिलने वाला है। उसमें एक है 'रहना है तेरे दिल में'। ये एक सुपरहिट फिल्म थी। इस फिल्म के सीक्वल को लेकर काफी चर्चा सामने आ रही थी। वही एक बार फिर इस फिल्म के सीक्वल को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। खबरों की माने तो इस फिल्म का सीच ल जल्द बनने जा रहा है। वही इस बार फिल्म में आर माधवन और दीया मिर्जा नहीं बल्कि एक नयी जोड़ी नज़र आने वाली है। खबरों की माने तो इस फिल्म बॉलीवुड स्टार विक्की कौशल और कृति सेनन को कास्ट किया जा सकता है। वही बताया जा रहा है इस फिल्म के लिए इन दोनों कलाकारों के बिच बात चित चल रहे है । वही कृति इस फिल्म को लेकर काफी दिलचस्पी दिखा रही है। वही इस फिल्म को लेकर प्लानिंग काफी तेज़ हो गयी है। मेकर्स इस फिल्म एक बिलकुल नयी जोड़ी को लेकर लाना चाहते है। वही इस फिल्म को 2022 के अंत तक फ्लोर पर लाया जाएगा। अब देखना होगा इस फिल्म को लेकर आगे क्या कुछ अपडेट सामने आता है।

# रकुल प्रीत सिंह ने बॉडीसूट में दिए सिजलिंग पोज, तस्वीरें वायरल



बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर कुछ लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में रकुल बॉडीसूट में सिजलिंग पोज देती दिखाई दे रही हैं। वहीं इस तस्वीर में उनके बूट्स ने खास तौर पर फैंस का ध्यान खींचा है। इन तस्वीर में वो ब्लू बॉडी सूट में दिखाई दे रही हैं। इसके साथ उन्होंने व्हाइट जैकेट पहन रखी है और इसके साथ रकुल रेड बूट्स पहने नजर आ रही हैं। इस फोटोशूट में उनके बोल्ड अंदाज के साथ-साथ रेड बूट्स ने फैंस का ध्यान खींचा है। इस फोटोशूट में रकुल के बूट्स अलग से हाईलाइट होते दिखाई दे रहे हैं। इस फोटोशूट की रकुल ने एक और तस्वीर साझा की है। जिसमें वो व्हाइट कोटसूट में नजर आ रही हैं। उन्होंने गले में हार्टशेप पेंडेंट पहन रखा है और वो इस लुक रकुल ने हूप्स के साथ कंप्लीट किया है। वहीं अपने फोटोशूट की तस्वीरें शेयर करते हुए रकुल ने लिखा- अपनी हील्स, हेड और स्टैंडर्ड को हाई रखो। उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर ताबड़तोड़ वायरल हो रही हैं।

# सिर्फ ताली बजाने से ठीक हो जाती हैं 6 बीमारियां !



खुशी के हर मौके पर ताली बजाना ओम बात है। फिर चाहे किसी का उत्साह बढ़ाने की बात हो, धार्मिक स्तुति में, किसी के अभिवादन के लिए या फिर किसी को प्रोत्साहन देने जैसे कामों के लिए सबसे आसान और प्रभावी तरीका अगर कोई है, तो वो है ताली बजाना। दोस्तों आपको जानकर हैरानी होगी कि ताली बजाने से सिर्फ खुशी जाहिर नहीं होती, बल्कि ताली बजाने के कई स्वास्थ्य लाभ भी हैं....

### 1. कॉलेस्ट्रोल का स्तर कम होता है

दोस्तों आज के समय में कोलेस्ट्रॉल की समस्या से ज्यादातर लोग परेशान होते हैं। इसलिए ये जानकारी सबके लिए आवश्यक है, कि ताली बजाने से रक्त में मौजूद कोलेस्ट्रॉल का लेवल कम होता है। साथ हीं रक्त संचार भी काफी बेहतर होता है।

### 2. ब्लड प्रेशर नियंत्रित

दोस्तों ताली बजाने से ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में काफी सहायता मिलती है। इसलिए जितना हो ताली बजाते रहें।

### 3. मधुमेह, अस्थमा इत्यादि में लाभदायक

कम से कम 15 सौ बार ताली बजाने से मधुमेह, अस्थमा, हृदय रोग और गठिया इत्यादि बीमारियों में काफी राहत मिलता है।

### 4. एक्यूप्रेशर का लाभ

हमारे शरीर में कुल 340 प्रेशर बिंदु हैं. जिनमें 29 बिंदु हमारे हथेली में होते हैं। एक्यूप्रेशर थेरेपी के मुताबिक सिर्फ ताली बजाने मात्र से शरीर के सभी अंगो को स्वस्थ रख सकते हैं।

### 5. ऑक्सीजन का फ्लो सही रहता है

ताली बजाने से ऑक्सीजन का फ्लो शरीर में सही तरीके से काम करता है. जिससे फेफड़ों में ऑक्सीजन ठीक तरीके से पहुंच पाता है, और शरीर स्वस्थ रहता है।

## अंडे का इस तरह से करें सेवन शरीर को मिलेंगे दुगना फायदा



हम आपको बता दें अंडे आपकी सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं और हर कोई इन्हें खाना भी पसंद करता है। लेकिन अपनी सेहत के अनुसार लोगों को अंडे का सेवन करना चाहिए, क्योंकि अंडे में अधिक मात्रा में फैट और कोलेस्ट्रॉल होता है और इसका बैलेंस बनाए रखना आवश्यक है। अंडे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक तो होते हैं, लेकिन इसका गलत सेवन आपके लिए खतरनाक भी हो सकता है। जानकारी के अनुसार अंडों को पोच्ड करके खाना सबसे हेल्दी तरीका होता है। यह पकाने, फ्राई करने आदि से ज्यादा फायदेमंद होता है और इसके लिए आपको इसे ज्यादा गर्म नहीं करना पड़ता है और इसके सेवन से डायबिटीज और दिल की बीमारियों में फायदा मिलता है। अंडो को पोच्ड करने के लिए सीधे फोड़कर गर्म पानी में उबाला जाता है, लेकिन यह सिंपल बोइल्ड अंडों से अलग होता है। इसी के साथ अंडो को पोच्ड करने पर इसके अंदर का यॉक वैसे ही रहता है और बाकी अंडा पक जाता है। यह स्वाद में अच्छा लगने के साथ साथ स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा होता है।

## एशियाई देशों की भूमिका

रूस के खिलाफ लामबंद होते हुए बुधवार को संयुक्त राष्ट्र में अधिकतर देशों ने उससे यूक्रेन से बाहर निकलने की मांग की। रूस ने यह मांग तो नहीं मानी, बल्कि रूसी सेना ने यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर में बमबारी फिर शुरू कर दी है और इससे देश की राजधानी पर खतरा बढ़ गया है। रूस ने उसके प्रमुख रणनीतिक बंदरगाहों को भी घेर लिया है। सात दिन से जारी रूसी आक्रमण में 10 लाख से अधिक लोग यूक्रेन छोड़ चुके हैं, जिससे यूरोपीय महाद्वीप में शरणार्थी संकट बढ़ गया है। यूरोपीय देशों के बीच क्या चल रहा है, यह सभी को दिखाई दे रहा है, लेकिन रूस और यूक्रेन के बीच जंग में एशियाई देशों की भूमिका पर भी पूरी दुनिया की नजर है। भारत, चीन और यूएई भले ही खुलकर अमेरिका और अन्य देशों के साथ न आए हों, मगर यूक्रेन पर रूसी हमले के मुद्दे पर एशियाई देशों में बड़ा विभाजन देखने को मिला है। जापान, दक्षिण कोरिया, ताइवान, सिंगापुर आदि जैसे देशों ने यूक्रेन पर हमला करने के लिए रूस की कड़ी निंदा की है। जापान ने रूस के खिलाफ प्रतिबंध भी लगाए हैं। लेकिन चीन, भारत, आसियान, पाकिस्तान, और यूईए जैसे देशों ने रूस की निंदा करने से इनकार कर दिया है। दक्षिण-पूर्व देशों के संघ आसियान में दस देश शामिल हैं। आसियान की तरफ से जारी बयान में यूक्रेन की प्रादेशिक अखंडता का समर्थन किया गया, लेकिन रूस की निंदा नहीं की गई। आसियान के सदस्यों में से सिर्फ सिंगापुर ऐसा देश है, जिसने अपने अलग बयान में रूस की निंदा की है। विश्लेषकों का कहना है कि ज्यादातर एशियाई देशों ने रूस से अपने पुराने संबंधों और अपने हितों का ख्याल करते हुए इस मामले में रुख तय किया है। जापान और दक्षिण कोरिया हमेशा से अमेरिकी खेमे के देश माने जाते हैं। स्वाभाविक रूप से उन्होंने इस मामले में सख्त तेवर दिखाए हैं। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने एलान किया है कि उनका देश रूस के सेंट्रल बैंक से लेन-देन को सीमित कर देगा। साथ ही जापान ने अंतरराष्ट्रीय भुगतान के नेटवर्क-स्विफ्ट से रूस को निकालने का समर्थन किया है। दक्षिण कोरिया ने एक करोड़ डॉलर की मानवीय मदद यूक्रेन भेजने की घोषणा की है। इसके पहले दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि व्यापार, उद्योग और ऊर्जा क्षेत्र में रूसी निर्यातों को नियंत्रित करने के कदम उठाए जाएंगे। रूस को इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर की सप्लाई भी रोक दी जाएगी। दक्षिण कोरिया ने भी रूस को स्विफ्ट सिस्टम से निकालने का समर्थन किया है। ताइवान हालांकि स्वतंत्र देश नहीं है, लेकिन वहां की मौजूदा सरकार ने रूस के खिलाफ उठाए जा रहे तमाम कड़े कदमों को समर्थन किया है। ताइवान के रुख को इसलिए महत्वपूर्ण समझा जा रहा है, क्योंकि वह चिप और सुपरकंडक्टर का सबसे बड़ा निर्माता है। इन उत्पादों का निर्यात रोक देने के कारण रूस के उद्योग जगत को भारी नुकसान पहुंचेगा। ताइवान ने यूक्रेन के लिए 27 टन मेडिकल सहायता भेजने की घोषणा भी की है। दक्षिण-पूर्व एशिया में सिंगापुर अकेला देश है, जिसने रूस के खिलाफ कड़े शब्दों का इस्तेमाल किया है। रूस के लिए सबसे बड़ी राहत की बात भारत और चीन का रुख रहा है। ये दोनों बड़े देश हैं, जिनकी बात दुनिया भर में सुनी जाती है। चीन तो खुल कर इस मामले में रूस का समर्थन कर रहा है।

# जमीन पर सीधे संवाद करने वाले मुख्यमंत्री

**(05 मार्च को शिवराज सिंह चौहान का जन्मदिन)**

**निलय श्रीवास्तव**

देश के किसी भी राज्य में मुख्यमंत्री के पद पर सर्वाधिक समय तक काम करने का गौरव शिवराज सिंह चौहान ने प्राप्त कर लिया है। अपने चार दशक के राजनीतिक जीवन का लम्बा सफर तय करने के बाद आज भी उनके अंदर जो आत्मविश्वास झलकता है वह सबको आश्चर्य में डालने वाला है। छात्र जीवन से राजनीति शुरु कर जन नेता के रूप में पहिचाने गए शिवराज सिंह चौहान की लोकप्रियता को कई बार जाँचा गया, परखा गया लेकिन कहते हैं कि साँच को आँच नहीं। वे उक्त कहावत को हमेशा चरितार्थ करते दिखे। अपने जीवन में शिवराज सिंह ने जो लोकप्रियता अर्जित की है उसे नापने में दूसरों को शायद एक युग प्रतिक्षा करना पड़े। मध्यप्रदेश के इतिहास में स्वर्णिमअक्षरों मेंमुख्यमंत्री के रुप में शिवराज सिंह चौहानका नाम इसलिये अंकित नहीं होगा कि उन्होंने चार बार इस पद को सुशोभित किया बल्कि विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने प्रदेश के हित में जो बड़े फैसले लिये उसके लिये उन्हें सदा याद किया जायेगा। उनकी कार्यक्षमता,दूरदर्शी निर्णय उन्हें पूर्व में सत्तासीन रहे प्रदेश के मुख्यमंत्रियों से बिल्कुल अलग रखते हैं। सभी जानते हैं कि विश्वव्यापी कोरोना महामारी की तीसरी लहर का सामना पूरा प्रदेश कर रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने उत्तरदायित्व का पालन किया और अपनी जान की परवाह न कर आमजन के बीच पहुँचे। नतीजतन तीसरी लहर में वे कोरोना संक्रमित हुए। इसके पूर्व भी वे कोरोना संक्रमित हो चुके हैं। यहाँ बता दें कि शिवराज सिंह चौहान के अलावा दूसरे राज्य का कोई भी मुख्यमंत्री कोरोना संक्रमण के दौरान आम जन तक नहीं पहुँचा। उन्होंने अपना जीवन सुरक्षित रखना ही बेहतर समझा। शिवराज की इसी कर्तव्यपरायणता के कारण वे मध्यप्रदेश के लोगों का भरोसा जीतने में हर समय कामयाब होते आये हैं। राजनीति के दिग्गजों में भले ही उनकी उम्र कमहै,लेकिन उनमें अनुभव का अपार भण्डार है। अपने विनम्र स्वभाव, सबको साथ लेकर चलने की प्रवृत्ति,ठोस निर्णय लेने में कभी कोताही नहीं करने की आदत औरसमयानुकूल रणनीति बनाने में महारतरखने के बलबूते पर न केवल प्रदेश में चौथी बार मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालने का दमखम उन्होंने दिखाया बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी संगठन में अपनी एक अलगपहचान बनायी है। आज वे संगठन के साथ-साथ प्रदेश के लोगों की पहली पसंद बन गए हैं। मध्यप्रदेश की राजनीति के अतीत में झांके तो पूर्ववती सरकारों के अनेक ऐसे लोगों ने सत्ता की बागडोर सम्भाली जिन्होंने सिर्फ दलगत तथा जातिगत राजनीति की चिंता की। परिणाम यह निकला कि तत्कालीन नेताओं की कुर्सी तोसुरक्षित रही लेकिन प्रदेश विकास नहीं कर पाया और कई मामलों में पिछड़ता गया। सन् 1956के बाद सत्ता के नाम परजिस समय जातिगत राजनीति को आधार बनाया गया था उसी कालखंड मेंशिवराज सिंह चौहान की प्रारम्भिक राजनीतिशुरू हुयी थी।

यदि शुरूआती दौर की बात करें तोशिवराज सिंह ने मजदूरोंके हक में आवाजबुलंद कर अपनी क्रांतिकारी विचारधारा का परिचय दे दिया था। मजदूरों के हक के लिये आवाजउठाकर उन्होंने यह संकेत दे दिया था कि वर्षो से चली आ रही सामंती प्रथा को अब ठुकराना होगा और आम आदमी के हित की चिंता करना होगी।राजनीतिक सूझबूझ रखने वालों का मानना है किशिव नेयहीं से अपनी कर्तव्यपरायणता की शुरूआत की थी। इसके बाद युवा होने पर सक्रियराजनीति में उनका पदार्पण हुआ। अपनी अद्भुत कार्यक्षमता,विवेकशील तर्कबुद्धि तथा सरल सौम्यव्यवहार के कारणशिवराज ने काफी कम समय में ही विभिन्न ऊँचाईयों कोस्पर्श कर अपने



नाम केअनुरुप संगठन और समाज में अपनी पृथक प्रतिष्ठा स्थापित कर ली है। मध्यप्रदेश में अनेक जनकल्याणकारी योजनायें क्रियान्वित हैं। गरीबों को समय समय पर मुत राशन देने के साथ ही उनके लिये स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक बंदोबस्त करनेके अलावा बच्चों की शिक्षा परविशेष ध्यान दिया जा रहा है। महिला सुरक्षा को लेकर सरकार चिंतित रहती है। अपराधियों पर नकेल कसने के लिये पुलिस कमिश्नर प्रणाली मध्यप्रदेश में लागू की गयी है। पढ़े लिखे तथा होनहार बेरोजगारों को काम देने के लिएमुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजनालागू की गयी है। इसके अलावा छोटे उद्योगोंकी स्थापना पर भी विशेष बल दिया जा रहा है। कुल मिलाकर शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश देशका अग्रणीराज्य बनकर विकास केरास्ते पर निरंतरआगे बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश में चल रहे विकास संबंधी कार्यो की सराहनास्वयंप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है।

शिवराज सिंह चौहान अक्सर कहते हैं कि ष्मध्यप्रदेश ही मेरा मंदिर है, यहाँ निवास करने वाली जनता मेरी भगवान है और मैं जनता का पुजारी हूँ।ष् मध्यप्रदेश के लोगों ने शिवराज सिंह को हमेशा एक मुख्यमंत्री के रुप में पसंद किया है। उनके नेतृत्व मेंही अपनाविश्वास व्यक्त किया है। मध्यप्रदेश का विकास और शिवराज सिंह चौहान एक -दूसरे के पर्याय बन चुके हैं। आज विपरीत परिस्थितियों में भी मध्यप्रदेश विकास के रास्ते परजिस तीव्र गति से अग्रसर है उसके पीछे उनकी सकारात्मक सोच,दूरगामी निर्णय और सूझ बूझ भरी कार्यशैली है। सरकार मुस्तैदी से अपना काम कर रही है लेकिन चुनौतियाँ अक्सर बनी रहती हैं। कोरोना महामारी की आशंका हमेशा बनी रहेगी, ऐसे में सरकार को सतर्क रहकर किसी भी परिस्थिति का सामनाकरने के लियेतैयार रहना होगा। सरकार का दायित्व है कि वह प्रदेश के लोगों के स्वास्थ्य और रोजगार की सुनिश्चितता निर्धारित करे। हालांकि महामारी के लम्बे अंतराल में सरकार ने अपने दायित्व का निर्वाहन ईमानदारी से किया है। रिकवरी रेट से लेकर वैक्सीन लगाने के मामले मेंमध्यप्रदेश ने देश केदूसरे राज्यों कोपीछे छोड़ा है। कोरोना महामारी से ग्रसित तथा प्रभावित लोगों के सुफल जीवन की जिम्मेदारीअब मध्यप्रदेश सरकार की है। मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्रीशिवराज सिंह चौहान का 5 मार्चको 63 वांजन्मदिन है। इस दिन प्रदेश का हर नागरिक यह संकल्प ले रहा है कि वह प्रदेश को विकास के रास्ते पर अग्रसरकरने के लिये सरकार के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुये मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर बनायेगा। देश के मानचित्र पर मध्यप्रदेश सर्व विकसित, समृद्धशाली, शक्तिशाली और धार्मिक सद्भाव की पहचान दिलाने वाला राज्य बनकर उभर सके यह सबका प्रयास होना चाहिए। निश्चित रुप से कह सकते हैं कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में जिस प्रकार से समग्र कार्ययोजनाओंके तहत् हमारा प्रदेश आगे बढ़ रहा है, अब वह समय दूर नहीं जब मध्यप्रदेश आने वाले दिनों में अन्य राज्यों के लिये रोल मॉडल बनेगा। साथ ही मध्यप्रदेश की पहचान पूरे देश में एक विकसित राज्य के रुप में स्थापित होगी।

## विवेक ही धर्म है

युग के आदि में मनुष्य भी जंगली था। जब से मनुष्य ने विकास करना शुरू किया, उसकी आवश्यकताएं बढ़ गई। आवश्यकताओं की पूर्ति न होने से समस्या ने जन्म लिया।समस्या सामने आई तब समाधान की बात सोची गई। समाधान के स्तर दो थे- पदार्थ-जगत, मनो-जगत. प्रथम स्तर पर पदार्थ के सुनियोजित उत्पादन और उनकी व्यवस्था को आकार मिला। दूसरा स्तर मानसिक था। इस जगत की समस्याएं थी अपरिमार्जित वृत्तियां, असंतुलन और तनाव। इन समस्याओं को समाहित करने के लिए धर्म की खोज हुई। धर्म का अर्थ है पारंपरिक मूल्य-मानकों से परे हटकर मनुष्य को सत्य की दिशा में अग्रसर करना। जब तक धर्म अपने इस परिवेश में रहता है, तब तक वह रूढ़ नहीं हो सकता। पर उद्देश्य की विस्मृति के साथ ही उसमें रूढ़ता आ जाती ह। रूढ़ धर्म को व्यक्ति अपने जीवंत संदभरे से काटकर परलोक के साथ जोड़ देता है। बस यहीं से धर्म में विकृति का प्रवेश होने लगता है। मैं ऐसा सोचता हूं कि धर्म का संबंध हमारी हर सांस से होना चाहिए। ऐसा वे ही व्यक्ति कर सकते हैं जो अपने जीवन की सतह पर दौड़-धूप कर रहे हैं। या फिर यह उन लोगों का काम है जो जीवन की गहराइयों में उतरकर अध्यात्म के प्रति समर्पित हो जाते हैं। जीवन की सतह पर जीने वाले व्यक्ति धर्म की गहराई में नहीं उतर सकते, किंतु अध्यात्म के प्रयोक्ता की दृष्टि से वह गहराई छिपी नहीं रह सकती। जो व्यक्ति उतनी गहराई में उतरे, उन्हें धर्म की विकृतियों का बोध हुआ। जो धर्म मन को समाधान देने वाला था, वह स्वयं समस्या बनकर उभर गया। इस दृष्टि से उसमें संशोधन व परिवर्तन की अपेक्षा अनुभव हुई। अणुव्रत उसी आवश्यकता का आविष्कार है। यदि धर्म एक समस्या बनकर सामने नहीं आता तो उसे अणुव्रत के रूप में प्रस्तुति देने का कोई अर्थ ही नहीं था।

## स्त्री-पुरुष में अधिकारों का द्वंद ?

**प्रभुनाथ शुक्ल**

मैरिटल रेप अब सिर्फ एक शब्द नहीं, हाल के दिनों में स्त्री अधिकार और उसके विमर्श का केंद्र बन गया है। भारत जैसे उदार देश में एक तरफ तीन तलाक और हालाला जैसी कुप्रथाएं पुरुष के एकाधिकार को साबित करती हैं। वहीं मैरिटल रेप यानी वैवाहिक बलात्कार भी स्त्री अधिकारों का दमन है। यह समाजिक बिद्रुपता और कुरूपता है। इसके पीछे पुरुष एकाधिकार की गंध आती है। महिलाओं को सिर्फ समर्पण, त्याग, दया और ममता की प्रतिमूर्ति समझना कहाँ का न्याय है। स्त्री और पुरुष अर्धनारिश्वर है। दोनों के बिना किसी एक का अस्तित्व नहीं है। आधुनिक युग में जहाँ लिव इन रिलेशन जैसी गैर सामाजिक संस्थाओं का उदय हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ वैवाहिक जीवन में सहमति और असहमति के बीच सेक्स स्त्री और पुरुष के बीच द्वंद की दीवार बना है। वैवाहिक जीवन में बलात्कार शब्द का औचित्य ही नहीं होना चाहिए। विवाह जीवन की पहली सहमति है। वह स्त्री-पुरुष के आपसी समझौते का संस्थागत दस्तावेज है।दोनों के बीच दैहिक संतुष्टि एक प्राकृतिक शाश्वत सत्य है। दैहिक संतुष्टि पर जितना प्राकृतिक अधिकार स्त्री का है उतना ही पुरुष का है। इस सत्य के पीछे सृष्टि संरचना का एक अनूठा संसार भी है। क्या हम ऐसे विवादों को खड़ा कर जीवन संरचना के शाश्वत सत्य को ही मिटाने पर तुले हैं। क्या हम प्राकृतिक सत्य को ही नकारने पर अमादा हैं। वैवाहिक जीवन में दैहिक संतुष्टि स्त्री-पुरुष का प्राकृतिक अधिकार है। इसे सिर्फ स्त्री विमर्श और उसके अधिकार के रूप में नहीं विश्लेषित किया जाना चाहिए। फिलहाल ऐसी बहस कितनी जायज है जब जीवन की निजी आजादी की आड़ में विवाह पूर्व उन्मुक्त सेक्स की संस्कृति पनप रहीं है।



दिल्ली उच्च न्यायालय में मैरिटल रेप यानी वैवाहिक बलात्कार का मामला लंबित है। अदालत ने इस मामले में केंद्र सरकार से अपना पक्ष रखने को कहा था। लेकिन सरकार इस मामले में अदालत से अभी लंबा वक्त चाहती है। अदालत उसके लिए तैयार नहीं दिखती है, उसने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। जबकि केंद्र सरकार सभी राज्यों और दूसरी संवैधानिक संस्थाओं से इस पर विमर्श चाहती है। स्त्री-पुरुष संबंधों को लेकर वर्षों पुराना कानून बदले परिवेश में अप्रासंगिक हो चला है। मैरिटल रेप को अपराध घोषित कर दिया गया तो विवाह नाम की संस्था खतरे में पड़ जाएगी। समाज में एक नई तरह की समस्या पैदा हो जाएगी। देश में बलात्कार को लेकर भी तमाम कानून बने हैं उस स्थित में क्या हम बलात्कार जैसे घिनौने कृत्य पर प्रतिबंध लगा पा रहे हैं। लेकिन हम यह भी नहीं कहते हैं कि स्त्री अधिकारों की रक्षा न हो।फिलहाल इस तरह के कानून से विवाह जैसी संस्था के लिए खतरा बढेगा। स्त्री-पुरुष के जीवन में बलात शब्द की कोई जगह ही नहीं है। विवाह कोई कांट्रैक्ट नहीं है। यह जीवन जीने की पद्धति है। जीवन में सब कुछ सेक्स है यह भी गलत है।सेक्स यानी यौन संतुष्टि जीवन का आनंद और सृष्टि का सर्जक है। कुलीन स्त्री-पुरुष के संस्कारित जीवन में सहमति और असहमति की बात ही नहीं पैदा होती। जीवन में तमाम ऐसे वक्त और मोड़ आते हैं जहां सेक्स बहुत कुछ होते हुए भी कुछ नहीं होता। वैवाहिक संस्था गौड़ हो जाती है और परिवार प्रथम होता है। यह देश, काल, वातावरण और परिस्थिति जन्य हालात पर निर्भर करता है। संविधान में मैरिटल रेप अपराध की श्रेणी में नहीं है। पुरुष के खिलाफ इस पर किसी सजा का प्रावधान नहीं है। वैवाहिक जीवन में सेक्स जीवन का आनंद है। लेकिन सेक्स में स्त्री और पुरुष की सहमति आवश्यक है। क्योंकि यौन संतुष्टि जीवन की संतुष्टि है। फिर इसमें असहमति का प्रवेश मैरिटल रेप में आता है। इस मुद्दे को एक विवेकशील स्त्री-पुरुष आपस में समझ सकते हैं। अदालत का एक फैसला सिर्फ कानून बन सकता है लेकिन जीवन में साहमति और संतुष्टि नहीं पैदा कर सकता। वैवाहिक जीवन की सफलता, संतानोत्पत्ति, संतान सुख और विभिन्न बातें जीवन की सफलता के आयाम है।जबकि यौन संतुष्टि स्त्री-पुरुष के सुखमय जीवन और पारिवारिक का परिपथ है। ऐसी स्थिति में हम यौन संतुष्टि को जीवन से अलग नहीं कर सकते हैं।

# अमेरिका पर 100 सुनार की, रूस की 1 लुहार की चोट भारी पड़ी

### सूडोकु नवताल- 6001

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6000 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

**सनत जैन**

**30 वर्ष अमेरिकन दादागिरी के खिलाफ रूस की आर-पार की लड़ाई**

द्वितिय विश्व युध्द के बाद अमेरिका और रूस दो महाशक्ति के रूप में उभरे थे। 1982 में राष्ट्रपति ब्रजनोव की मृत्यु के बाद सोवियत संघ अर्थ-व्यवस्था एवं राजनैतिक दृष्टि से कमजोर हो गया था। उस समय अमेरिका ने रूस को कमजोर करने के लिए काफी पैतरे आजमाए थे। फलस्वरूप 1991 में सोवियत संघ विघटित हो गया। सोवियत संघ से जुड़े कई राज्यों ने अपने-आपको स्वतंत्र घोषित कर सोवियत रूस का अस्तित्व समाप्त कर दिया था।

ठीक 30 वर्ष बाद अमेरिका और नाटो देशों ने मिलकर रूस को चुनौती देने के लिए सीमावर्ती देशों में अपनी घुसपैठ बढ़ा दी थी। रूस को अपने पड़ोसी देशों से लगातार चुनौती मिल रही थी। अमेरिका सोवियत संघ से अलग हुए हिस्सों में अपना प्रभाव बढ़ाता ही जा रहा था। जिसके कारण रूस के राष्ट्रपति पुतिन पिछले कई वर्षो से अमेरिका को इस क्षेत्र में घुसपैठ करने से रोक रहे थे।

राष्ट्रपति पुतिन ने अपने शासन काल में रूस को काफी मजबूत स्थिति में लाकर खड़ा कर लिया है। तकनीकी और आधुनिक शस्त्रों तथा परमाणु हथियारों पर रूस की आत्मनिर्भरता और अमेरिका के रक्षा व्यवस्था में जो चुनौतियां मिल रही थी, उसको खत्म करने के लिए अमेरिका एवं नाटो



संगठन रूस की सीमा के आसपास लगातार अस्थिरता पैदा कर रूस को चुनौती देने का काम कर रहे थे। वैश्विक संधि के बाद पिछले 30 वर्षो में सारी दुनिया के देशों के बीच व्यापारिक संबंध बने हैं। आना-जाना आसान हुआ है। इंटरनेट, ऑनलाइन कारोबार, डिजिटल तकनीकी का लाभ सारी दुनिया के कोने-कोने तक पहुंच गया है। इस बदलाव के कारण आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक सोच बदली है। इसी का फायदा उठाते हुए अमेरिका और चीन अपना वर्चस्व बढ़ाने के लिए पिछले एक दर्शक से हर संभव प्रयास कर रहे हैं। रूस और चीन के बीच राजनायिक संबंध बेहतर है। रूस को अमेरिका से मिल रही चुनौती के बीच चीन ने रूस के साथ अपने रिस्ते और बेहतर बनाये। वहीं अमेरिका नाटो संगठन के माध्यम से राष्ट्रपति पुतिन एवं रूस के लिए सिरदर्द बने हुए थे। रूस के पड़ोसी देशों को हथियारों की सप्लाई कर रूस को चुनौती देने की जो रणनीति अमेरिका ने अपनाई थी। उस का जवाब देते हुए रूस के राष्ट्रपति पुतिन एक बार फिर ताकत का अहसास कराते हुए सोवियत संघ से जुड़े देशों को अमेरिका के प्रभाव से बाहर लाने के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ रहे है। यूक्रेन एवं रूस की लड़ाई इसी का परिणाम है। यूरोपीयन मीडिया इस लड़ाई से रूस को कमजोर बनाकर हतोसाहित कर रहा था। पिछले कई माहों में रूस पर प्रतिबंध लगाकर पुतिन को धमकाने का प्रयास कर रहे थे। रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने सौ-सुनार की और एक लुहार की तर्ज पर इस लड़ाई को अंजाम पर पहुंचा दिया है। पुतिन के इस रूख से यूरोपीय देश एवं संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी संस्थायें रूस के हमलों और आक्रमक रूख से हैरान है। वैश्विक स्तर पर जो घटनाचक्र बना है। उसके बाद लगता है रूस के खिलाफ लगे प्रतिबंधों को समाप्त करके ही इस लड़ाई को रोका जा सकता है। राजनैतिक विशेषज्ञों की माने तो राष्ट्रपति पुतिन 30 वर्ष सोवियत संघ का पुराना दबदबा बनाए रखने के लिए सुनयोवित और सफल रणनीति के तहत कार्य कर रहे है। कोरोना महामारी के बाद सारी दुनिया के देश आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में यूक्रेन एवं रूस के इस युद्ध का पलड़ा रूस के पक्ष में भारी है। 1991 में राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचेव संघ को विघटित होने से नहीं रोक पाए थे। 2022 में राष्ट्रपति पुतिन का अलगाववादी ताकतों को जवाब देकर पुराना गौरव हासिल करने का प्रयास सफल होता दिख रहा है।

## यूपी चुनाव के पश्चात मध्य प्रदेश की राजनीति भी बदलेगी

**मुकेश तिवारी**

पांच राज्यों के चुनाव के पश्चात मध्य प्रदेश की राजनीति में व्यापक फेरबदल हो सकता है भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों का राष्ट्रीय नेतृत्व लंबे अंतराल से प्रदेश की राजनीति में बदलाव पर मंथन कर रहा है कांग्रेश में वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और भाजपा में मध्य प्रदेश के प्रभारी मुरलीधर राव अगले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अपने अपने संगठनों को सशक्त बनाना चाहते हैं ।भाजपा सरकार में इस वजह से उसके समक्ष सर्वाधिक चुनौतियां हैं सूत्रों की मानें तो भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व सरकार और संगठन दोनों की सर्जरी का विचार रखता है क्योंकि आंतरिक सर्वे के मुताबिक बड़ी संख्या में विधायक जन उम्मीदों पर खरे नहीं उतर रहे हैं । आर एस एस की रिपोर्ट भी इसे प्रथक नहीं है इसका मतलब यह हुआ कि भाजपा अगले चुनाव में बड़ी संख्या में नए चेहरों के साथ मैदान में उतरेगी । सरकार में सर्जरी के क्रम में कुछ मंत्रियों के विभाग भी बदले जा सकते हैं भाजपा का राष्ट्रीय नेतृत्व कुछ मंत्रियों को संगठन में काम करने के लिए भेजना चाहता है संगठन में भी जिला और संभाग स्तर पर अगले चुनाव को मद्देनजर रखकर कुछ फेरबदल संभावित है भाजपा यह कार्य अगले 2 से 3 माह में पूर्ण कर लेना चाहती है इसके पश्चात सरकार पार्टी की आवश्यकता के हिसाब से नई और चुनावी योजनाओं पर काम करेगी कांग्रेस में इन दिनों संगठन के चुनाव की तैयारी चल रही है पार्टी पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को ही अगले विधानसभा चुनाव का चेहरा बनाने की मंशा रखती है लिहाजा उनका फिर से अध्यक्ष बनना लगभग तय है कमलनाथ अगला विधानसभा चुनाव जीतने के लिए संगठन में और अधिक फ्री हैंड चाहते हैं यानी वह पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह , वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी , सज्जन वर्मा , अरुण यादव , अजय सिंह इत्यादि का संगठन में हस्तक्षेप हटाना चाहते हैं राज्यों के विधानसभा चुनाव के पश्चात जब मध्यप्रदेश में नगरी निकाय के चुनाव होंगे तो कमलनाथ टिकट वितरण में अपना दबदबा रखना चाहते हैं ऐसा करके विधानसभा चुनाव के लिए भी पार्टी के भीतर नीचे तक संदेश देना चाहते हैं कि प्रदेश में पार्टी का हाईकमान सिर्फ और सिर्फ वही है कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व भी इस से पूरी तरह सहमत है कि राज्य में अनेक कांग्रेश और तमाम सारे गुटों के स्थान पर पार्टी एक नेता के पीछे खड़ी नजर आए पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को मध्य प्रदेश में बेहतर परिणाम चाहिए इसके लिए वह कमलनाथ को अपनी तरह से मध्यप्रदेश में संगठन चलाने की छूट देने के लिए रजामंद है।

# ब्लॉक स्तर पर पंजीयन वाले स्थानों पर छाया, पानी के पुख्ता रहें प्रबंध: कलेक्टर



## कानपुर के डॉ शरद बाजपेयी की टीम करेगी नेत्र ऑपरेशन

**मुरैना।** सांसद वृहद नेत्र शिविर का आयोजन मुरैना जिले में 6 से 9 मार्च तक चलेगा। नेत्र शिविर के लिये प्राथमिक जांच करने के लिये तिथि वार ब्लॉक स्तर पर टीमों को जिम्मेदारियां दे दी गई है। ऑपरेशन योग्य मरीजों को निःशुल्क बस द्वारा जिला चिकित्सालय मुरैना लाया जायेगा। किन्तु ब्लॉक स्तर पर जहां पंजीयन केन्द्र बनाये गये है, वहां जांच परीक्षण हेतु जो भी मरीज आयेंगे, वहां लंबी-लंबी लाइनें देखने को न मिलें। उन मरीजों का पंजीयन कराते समय किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिये। वहां छाया, पानी आदि के प्रबंध बेहतर किये जाये। भले ही निर्धारित पंजीयन केन्द्रों पर टेण्ट शामयाना क्यों न लगाना पड़े। यह निर्देश कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने शुक्रवार को नवीन जिला चिकित्सालय के द्वितीय तल पर चिकित्सकों की बैठक में दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोशन कुमार सिंह, एसडीएम शिवलाल शाक्य, सीएमएचओ डॉ. राकेश कुमार शर्मा, सिविल सर्जन डॉ. विनोद गुप्ता, इफको ग्वालियर के डिप्टी जनरल मैनेजर श्री एसबी सिंह, ई-हाउसिंग बोर्ड श्रीमती नीरू राजपूत, आरएमओ डॉ. धर्मेन्द्र गुप्ता सहित नेत्र रोग विशेषज्ञ उपस्थित थे। कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने कहा कि मुरैना जिले में वृहद नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस कैम्प में कानपुर के जाने-माने नेत्र विशेषज्ञ डॉ. शरद बाजपेयी की टीम द्वारा नेत्र ऑपरेशन किये जायेंगे। मुरैना जिले में प्रतिदिन लगभग 300 ऑपरेशन करने का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर ने बताया कि नगर निगम तीनो फ्लोरों पर साफ-सफाई के पुख्ता प्रबंध करें। कर्मचारी वार ड्यूटी आदेश जारी करें। सफाई में लापरवाही मिली तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही होगी। कलेक्टर ने कहा कि निर्धारित पंजीयन केन्द्रों से ऑपरेशन वाले मरीज एवं अटेण्डरों को आईकार्ड (परिचय पत्र) अलग-अलग कलर का दिया जायेगा, उन्हीं व्यक्तियों को जिला अस्पताल में अन्य सुविधायें उपलब्ध करायी जायेंगी। कलेक्टर ने कहा कि पीएचई विभाग पेयजल के प्रबंध करें, इसके अलावा इफको द्वारा मरीज एवं अटेण्डर को निःशुल्क भोजन वितरण किया जायेगा। इसके लिये चिकित्सालय के मंदिर परिसर के समीप भोजन बनाने का कार्य किया जायेगा। कलेक्टर ने कहा कि जिस विभाग की जहां ड्यूटी लगी है, वहां अधीनस्थ कर्मचारियों के नाम, पदनाम, मोबाइल नंबर सहित अन्य जानकारियों के ड्यूटी आदेश जारी करें। कलेक्टर ने कहा कि नवीन चिकित्सालय भवन में पिछले हिस्से से प्रवेश मिलेगा, वाहन जेल रोड़ से प्रवेश करेंगे।

## मुख्यमंत्री की पहल पर ग्राम पंचायतों में भी मनाया जायेगा गौरव दिवस

**मुरैना।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा है कि गांव, नगर, जनपद, नगरीय निकायों की एक निश्चित तिथि निर्धारित की जाये, उस तिथि को वहां गौरव दिवस के रूप में मनाया जाये। इसके लिये मुरैना जिले के विकासखण्ड पोरसा में 39 ग्राम चिन्हित किये गये है, जिनकी तिथि अनुसार उन गांवों में गौरव दिवस मनाया जायेगा।

## दर्ज रकबे, फसल एवं फसल की किस्म के आधार पर किया जाएगा पंजीयन

**मुरैना।** किसानो का पंजीयन गिरदावरी किसान एप में दर्ज रकबे, फसल एवं फसल की किस्म के आधार पर किया जाएगा। गिरदावरी किसान एप में दर्ज जानकारी से संतुष्ट न होने पर पंजीयन के पूर्व किसान को भूमि, बोई फसल एवं फसल की किस्म आदि में संशोधन के लिए गिरदावरी एप में दावा आपत्ति करना होगी। आपत्ति का निराकरण होने पर पंजीयन किया जा सकेगा। कृषक, अनुमोदित उपार्जन केन्द्रों की सूची एम.पी.ऑनलाईन, सी.एस.सी., लोक सेवा केन्द्र एवं साइबर कैफे पर पर देख सकते हैं। किसी भी प्रकार की शिकायत, समस्या होने पर किसान सीएम हेल्पलाइन 181 पर सम्पर्क कर सकते है।

## डाक विभाग का बचत खाता खुशहाली अभियान जारी

**मुरैना।** भारतीय डाक विभाग द्वारा ''बचत खाता खुशहाली का अभियान- एक व्यक्ति एक खाता अभियान चलाया जा रहा है। भारत सरकार के डाक विभाग के अनूठी बचत योजनाएं जैसे बचत खाता, आवर्ती जमा खाता, सावधि जमा खाता, मासिक आय योजना वरिष्ठ नागरिक बचत योजना तथा भविष्य निधि खाता जैसे आकर्षक योजनाओं का लाभ ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में डोर-टू-डोर कैम्पेन कर हर व्यक्ति को दिया जाएगा। आम नागरिकों से अपील की है कि उक्त योजनाओं के खाते डाकघर में खुलवा सकते है और सरकार की योजनाओं का लाभ ले सकते है। वर्तमान में डाकघर की सभी बचत योजनाओं पर अन्य संस्थानों की तुलना में ब्याज दरें अधिक एवं आकर्षक है।

## आज विद्युत सप्लाई बंद रहेगी

**मुरैना।** विद्युत मंडल के उपमहाप्रबंधक ने बताया कि 33 एवं 11 केव्ही फीडरों पर प्रोजेक्ट निर्माण कार्य होने के कारण 5 मार्च को सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक 33 केव्ही छौंदा इण्डस्ट्रीयल, 11 केव्ही लश्करीपुरा एवं 11 केव्ही डोमपुरा फीडरों से संबंधित उपभोक्ताओं की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

# कलेक्टर ने आधा दर्जन ग्रामों का भ्रमण कर चल रहे निर्माण विकास कार्यों को किया निरीक्षण




**मुरैना।** कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने बुधवार को मुरैना विकासखण्ड के ग्राम बित्तोली, गिरगोनी, कोतवाल, मदनबसई, खेड़ा-मेवदा और बरेथा में पहुंचकर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को देखा। वहीं चल रहे निर्माण कार्यो का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिये कि निर्माण विकास विभाग से जुड़े अधिकारी समस्त कार्य 31 मार्च 2022 तक पूर्ण करें। विशेषकर प्रत्येक घर में पानी उपलब्ध करायें। यह निर्देश उन्होंने पीएचई एवं जल निगम के अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोशन कुमार सिंह, जनपद सीईओ शेलेन्द्र यादव, जल निगम के महाप्रबंधक अनंत शर्मा, प्रबंधक श्रीमती नेन्शी जैन, पीएचई के कार्यपालन यंत्री एसएल बाथम, एसकेयूसी की टीम सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने जल-जीवन मिशन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खाद्य विभाग की पीडीएस दुकान, हाट बाजार, मनरेगा एवं एसबीएम के कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं तहसील्दार बानमौर को दिये। इसके अलावा पंचायत स्तर पर एपीओ, उपयंत्री, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक को प्राथमिकता के तौर पर कार्य करने की हिदायत दी। कलेक्टर से ग्राम बित्तोली में नवीन शान्तिधाम बनवाने की मांग ग्रामीणों ने की। शासकीय माध्यमिक विद्यालय बित्तोली के स्कूल परिसर में बिल्डिंग की मरम्मत एवं प्रतिदिन शिक्षक, बच्चे उपस्थित रहें, इस प्रकार की मांग ग्रामीणों ने कलेक्टर से की। कलेक्टर ने मौके पर ही जिला शिक्षाधिकारी, खण्ड स्त्रोत समन्वयक को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिये। ग्राम बरेथा में ग्रामीणों ने हायर सेकेण्डरी स्कूल देवलाल का पुरा में निर्मित पानी की टंकी एवं समीप में बने पानी की टंकी के पास सोकपिट गढ्ढे के कार्यो को सुधारने का अनुरोध किया। कलेक्टर ने ईपीएचई को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने ग्राम बरेथा में गौशाला में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 80 निराश्रित गौवंश पाया गया। वहीं ग्रामीणों ने हाट-बाजार संचालित होने की बात कही। कलेक्टर ने पीडीएस दुकान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 7 मार्च को अन्नोत्सव कार्यक्रम करने की बात ग्रामीणों से कही। इस दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि सभी दुकानों पर राशन उपलब्ध रहे।

# ऑनलाइन भुगतान करें, 20 रूपरो तक की छूट पाए

**मुरैना। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने निम्नदाब उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे ऑनलाइन बिजली बिल का भुगतान कर अधिकतम 20 रूपये तक अपने बिल में छूट प्राप्त कर सकते हैं। इसी प्रकार उच्चदाब उपभोक्ता ऑनलाइन बिजली बिल का भुगतान कर अधिकतम एक हजार रूपये की छूट प्राप्त कर सकते हैं।**

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि यदि कोई उपभोक्ता ऑनलाइन बिजली बिल का भुगतान करता है तो उसके द्वारा कुल जमा किए गए बिल पर आधा प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह छूट अधिकतम 20 रूपये तक होगी और न्यूनतम 5 रूपये होगी। इसी प्रकार उच्चदाब उपभोक्ता यदि ऑनलाइन बिजली बिल का भुगतान करते हैं तो उनके द्वारा कुल जमा किए गए बिजली बिल पर आधा प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी। यह छूट अधिकतम एक हजार तक हो सकती है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के निम्न दाब उपभोक्ताओं को ऑनलाइन बिजली बिलों के भुगतान की सुविधा एम.पी. ऑनलाइन, एटीपी मशीन, कॉमन सर्विस सेन्टर, कंपनी पोर्टल (नेट बैंकिंग, क्रेडिट, डेबिट कार्ड, यूपीआई, ईसीएस, ईबीपीएस, बीबीपीएस, कैश कार्ड एवं वॉलेट आदि) पेटीएम एप, गूगल पे, फोन पे, अमेजॉन पे, उपाय मोबाइल एप एवं कम्पनी की वेबसाइट के माध्यम से उपलब्ध है। उपभोक्ता अपने क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, कैश कार्ड या 50 से अधिक बैंकों की इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से बिजली बिलों का भुगतान कर सकते हैं।



# मातृशक्ति से जुडी बहनें सामूहिक रूप से पुष्प वर्षा के लिए रहें तैयार: भावना

## आज निकलेगा बजरंग दल का शौर्य पथ संचलन



**मुरैना।** बजरंग दल द्वारा 5 मार्च को शहर में शौर्य पथ संचलन निकाला जाएगा। विहिप के मातृशक्ति आयाम से जुडी महिलाएं पथ संचलन पर जगह-जगह पुष्प वर्षा करेंगी। आयोजन में शामिल लोगों के भव्य स्वागत की योजना तैयार करने के लिए मातृशक्ति आयाम की एक बैठक का आयोजन भी गुरुवार को किया गया। मातृशक्ति की जिला संयोजिका भावना जैन के निवास पर आयोजित बैठक में तय किया गया कि बजरंग दल के पथ संचलन पर जगह-जगह पुष्प वर्षा की जाएगी। महिलाओं ने तय किया कि शहर में सक्रिय तमाम सामाजिक संगठनों तथा क्लबों के पदाधिकारियों को भी संदेश भेजा जाएगा, ताकि वे भी अपने बैनर तले पथ संचलन पर पुष्प वर्षा करने के लिए आगे आएं। बैठक में जिला संयोजिका भावना जैन ने कहा कि पथ संचलन में शामिल लोगों का उत्साहवर्धन करना हम सबका कर्तव्य है। इसलिए मातृशक्ति से जुडी बहनें सामूहिक रूप से पुष्प वर्षा के लिए तैयार रहें। इसके अलावा वे व्यक्तिगत तौर पर भी ऐसा कर सकती हैं। उन्होंने शहर में निवासरत सभी लोगों से अनुरोध किया कि जब पथ संचलन उनके घर या प्रतिष्ठान के सामने से गुजरे तो छत पर जाकर पुष्प वर्षा अवश्य करें। बैठक में मातृशक्ति की विभाग संयोजिका मीना भट्ट, गौसेवा विभाग से हेमलता राणा, मातृशक्ति सह सहसंयोजिका सरिता गोयल, जिला उपाध्यक्ष सपना बंसल, कंचन चावला, गौरक्षा जिला संयोजिका शिवानी शर्मा, नीता बांदिल, नेहा, दुर्गावाहिनी से पूजा शाक्य आदि शामिल हुईं।

# ग्राम पंचायत पचोखर के सरपंच द्वारा किया गया वृक्षारोपण



**कैलारस।** ग्राम पंचायत पचोखर जनपद पंचायत पहाड़गढ़ के सरपंच रविंद्र सिंह परमार ने ग्रामीणों के साथ गांव में वृक्षारोपण किया है। अंकुर अभियान के अंतर्गत 1 मार्च से 5 मार्च तक अंकुर अभियान जारी है। अंकुर अभियान के अंतर्गत आज ग्राम पंचायत पचोखर के सरपंच द्वारा द्वारा 1000 वृक्ष लगाए गए है। जिसमें सभी प्रकार के वृक्ष है। कुछ फलदार भी हैं। वृक्षारोपण कार्यक्रम में रविंद्र सिंह परमार सरपंच ग्राम पंचायत पचोखर जनपद पंचायत पहाड़गढ़, सचिव रघुवीर सिंह सिकरवार, सहायक सचिव नवल शर्मा, शिक्षक सत्येंद्र सिंह गौर, शिक्षक अतर सिंह, मोहित ब्यास आदि ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## अंकुर महाअभियान के तहत आबकारी अधिकारी ने लगाया पौधा



**मुरैना।** प्रदेश सरकार द्वारा 1 से 5 मार्च तक अंकरु अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी सुश्री निधी जैन एवं आबकारी विभाग के स्टाफ सहित अंकुर महाअभियान के अंतर्गत तृप्ति एल्कोब्रू प्रा. ली.महटौली बानमौर में 80 फल्दार एवं फूल्दार पौधौं का पौधरोपण किया गया। पौधरोपण के दौरान तृप्ति एल्कोब्रू प्रभारी सतेंद्र पाराशर, सहायक जिला आबकारी अधिकारी एन.के. पारीक, विजय सेन, उपनिरीक्षक राकेश मंडलोई द्वारा मुख्य रूप से आम, अनार, ऑवला, नाशपाती, अमरुद, नींबू तथा छायादार प्रजाति के पौधो का रेपण किया गया।

# नेहरू युवा केन्द्र द्वारा सकारात्मकता पर कार्यशाला आयोजन किया

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी**-युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नेहरू युवा केन्द्र शिवपुरी द्वारा विकास खण्ड नरवर के ग्राम में आयोजित सकारात्मक जीवन शैली ,युवा कल्याण एवं फिट इंडिया पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में बोलते हुंये जिला प्रचारक श्री अखिलेश रघुवंशी ने कहा कि सकारात्मक सोच ही जीवन में प्रगति के मार्ग खोलती है है हमें हमारे जीवन में हमेशा सकारात्मक होना आवश्यक है हम कोई भी कार्य यदि सकारात्मक होकर करेंगे तो उस कार्य में अवश्य ही सफल होते हैं हमारे जीवन शैली यदि सकारात्मक हो तो अवश्य ही हम सुखी जीवन व्यतीत करेंगे श्री रघुवंशी ने कहा कि सकारात्मक जीवन शैली में हमारे फिटनेस का भी महत्वपूर्ण स्थान है स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ विचार आते हैं इससे पहले मुख्य अतिथि श्री अखिलेश रघुवंशीने, ब्लॉक समन्वयक जन अभियान परिषद श्रीछ महेश परिहार, ब्लॉक समन्वयक जल जीवन मिशन श्री रमेश कुशवाह श्रीमती भावना मिश्रा, नेहरू युवा केन्द्र के कार्यक्रम पर्यवेक्षक राजेन्द्र विजयवर्गीय,कार्यक्रम संयोजक श्री राकेश लक्षकार, रितिक जादौन, दीपक कुशवाह, राकेश रावत आदि ने मां सरस्वती के चित्र पर मालार्पण किया! नेहरू युवा केन्द्र शिवपुरी के कार्यक्रम पर्यवेक्षक राजेन्द्र विजयवर्गीय ने कहा कि युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय द्वारा प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त व स्वस्थ युवाओं के सपने का साकार करने के लिये पूरे देश में युवाओं के लिये सकारात्मक जीवन शैली,फिट इंडिया व युवा कल्याण विषय पर कार्यक्रमों का प्रारम्भ किया है राजेन्द्र विजयवर्गीय ने कहा कि युवाओं को चाहिये कि वह अपने जीवन में नकारात्मक के स्थान पर सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर अपने जीवन को सफल बनायें कार्यक्रम के विषेश अतिथि जन अभियान परिषद के समन्वयक श्री महेश परिहार ने कहा कि यदि हम स्वस्थ्य रहेंगे व अपनी सोच को भी स्वस्थ रखेंगे तो हम बडे से बडे कार्य को सफलता से पूरा कर लेंगे जैसे यदि हम लक्ष्य बनायेंगे यदि हमें जीवन में कुछ करना है तो उस दिशा में सकारात्मकता के साथ कर्म करेंगे तो अवश्य ही हमें सफलता अवश्य मिलेगी विशेष अतिथी श्री रितिक जादौन . ने कहा कि लक्ष्य बनाकर कार्य करने वाले ही जीवन में सफलता पाते है अन्यथा वह जीवन भर भगवान या भाग्य को ही कोसते रहते है। युवाओं को चाहिये कि वह अपने स्वास्थ्य का भी ख्याल रखें क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ विचार आते है व स्वस्थ विचार से ही हमें सफलता मिलती है। कार्यक्रम का संचालन करते हैं श्री राकेश लक्षकार ने कहा कि नेहरू युवा केन्द्र ग्रामीण ही युवाओं में जागरूकता लाने का एक सराहनीय प्रयास कर रहा है युवाओं को चाहिये कि नेहरू युवा केन्द्र ग्रामीण युवाओं में सकारात्मक सोच का विकास कर उन्हें आगे बढाने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में श्रीमती भावना मिश्रा, रमेश कुशवाह मयंक लक्षकार,आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये आभार व्यक्त एनवायव्ही श्री दीपक कुशवाह ने किया ।




## राजस्थान एकीकृत शिक्षक महासंघ के प्रदेश प्रवक्ता शकील सैयद ने की मुख्यमंत्री के ओएसडी से मुलाकात

**जितेंद्र सिंह ब्यूरो चीफ पुष्पांजली टुडे**

**राजस्थान ।** शकील सैयद ने ओएसडी लोकेश शर्मा से मिलकर राज्य के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत जी द्वारा राज्य कर्मियों की पेंशन बहाली की घोषणा पर महासंघ की ओर से आभार प्रकट किया साथ ही तृतीय श्रेणी अध्यापकों की नई भर्ती से पहले पुराने तृतीय श्रेणी अध्यापकों के स्थानांतरण करने की मांग की जिस पर श्री लोकेश शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री महोदय से बात करने का आश्वासन दिया गया।



## शासकीय हाई स्कूल ककरबाहा मैं किया गया वृक्षारोपण



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**टीकमगढ़ ।** शासकीय हाई स्कूल ककरबाहा मैं वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया जिसमें प्रमुख रूप से एसडीएम टीकमगढ़ श्री मान सीपी पटेल जनपद पंचायत सीईओ टीकमगढ़ श्री मान संजीव कुमार गोस्वामी तहसीलदार बड़ागांव श्री मान धीरज कुमार गौतम उपयंत्री श्री जैन सर भाजपा जिला मंत्री किसान मोर्चा टीकमगढ़ श्री कृष्ण कुमार देवलिया किसान मोर्चा महामंत्री श्री दुर्जन सिंह एवं श्री पर्वत राय प्रधानअध्यापक श्री भानसिंह राठौर शिक्षक श्री रणवीर सिंह सिसोदिया श्री प्रदीप सैनी श्री देवेंद्र निरंजन श्री रविंद्र पडोलिया श्री रविन्द्र चौहान श्री अभिषेक गौतम श्री संतोष कुमार श्री राघवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा,ग्राम लावन में श्रीमद भागवत कथा का हुआ शुभारम्भ

**उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।**शहर से 6 किलोमीटर दूर अटेर क्षेत्र के ग्राम लावन में श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।आयोजनकर्ता श्री राजाराम सुरवारिया ने बताया कि यह आयोजन समस्त ग्राम बाशियो के सहयोग से किया जा रहा है।जिसकी कलश यात्रा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ प्राचीन मंदिरों से होकर गाजे बाजे के साथ समूचे गाँव से होकर निकाली गई जिसका जगह जगह धर्मप्रेमियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।सिर पर कलश रखकर महिलाये व बच्चों ने पूरे गांव की यात्रा की। कलश रखे माता बहिने कथा स्थल बड़ी जग्गा मंदिर पहुँची और कथा बाचक आचार्य पण्डित श्री रामनिवास व्यास जी शास्त्री के द्वारा श्रीमद भागवत कथा का श्री गणेश किया गया।यहाँ बता दे कि श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में आज कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ किया गया जो दिनांक 4 मार्च 2022 से 10 मार्च तक चलेगी।कथा स्थल ग्राम लावन बड़ी जग्गा में आयोजित किया जा रहा है।जिसमे पारीक्षत श्रीमती महादेवी पत्नी राजाराम सुरवारिया हैं।कलश यात्रा के दौरान रामचंद्र शर्मा, शिवकुमार, जयकिशोर,जयनारायण, जनवेद,राजेश, ऋषिकेश, योगेंद्र, नागेंद्र, मृदुल, प्रियांशू,धनञ्जय(धनू) आर्यान्श,व शम्भवी अवनी आदि सभी ग्रामवासियों ने भाग लिया।






## डॉग एंड एनिमल सोसायटी ग्वालियर संस्था के सदस्यो ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर**-डॉग एंड एनिमल सोसायटी ग्वालियर संस्था के सदस्यो ने कलेक्टर कार्यालय जा कर श्वानो की बड़ती जनसंख्या के नियंत्रण हेतु शहर में दो और एबीसी नसबंदी सेंटर खोलने हेतु ज्ञापन दिया क्योंकि श्वानो की बड़ती जनसंख्या के कारण स्मार्ट सिटी ग्वालियर में डॉग बाइट , कुत्तों द्वारा आक्रमण और शहर वासियों द्वारा पशु क्रूरता के मामले लगातार बढ़ रहे हैं इन सभी की रोकथाम हेतु शहर में दो और नसबंदी सेंटर खोलने की सख्त आवश्यकता है लश्कर और मोरार क्षेत्र में क्योंकि बिरला नगर क्षेत्र के सेंटर पर अत्यधिक दबाव है कार्य भार का ज्ञापन में दो और एबीसी सेंटर की मांग के साथ लगातार एबीसी ऑपरेशन संचालित करने का अनुरोध किया है और जो बिरला नगर एबीसी सेंटर है उसे बंद न किया जाए नही तो श्वानों की बड़ती जनसंख्या से अराजकता वा अव्यवस्था सारे शहर में फैल जाएगी इस ज्ञापन सौंपने के दौरान संस्था से गौरव आहूजा,रेणु सिंह,रजनी राजावत,शिवम पटेल,संदीप नागर ,शुभम सिंह,राघव गुर्जर,अंश चौहान मौजूद थे।




## प्रभारी मंत्री श्री कांवरे का देवेन्द्रनगर में हुआ पुष्प मालाओं से स्वागत

**गौरीशंकर कुशवाहा ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

पन्ना जिला के देवेन्द्रनगर तहसील अंतर्गत सतना पन्ना तिराहा मार्ग पर सतना से पन्ना जा रहे प्रभारी मंत्री श्री रामकिशोर कांवरे जी का भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किया पुष्प मालाओ के द्वारा स्वागत किया गया जिसमे भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रामबिहारी चौरसिया जी ,वरिष्ट नेता अनिल सिंह जी ,मंडल अध्यक्ष देवेन्द्रनगर श्री ललित गुप्ता ,अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के जिला अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुशवाहा(पार्षद वार्ड क्रमांक 14),पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष अजय पटेल ,प्रियब्रत गौतम ,उमेश पाठक,मीडिया प्रभारी गौरीशंकर कुशवाहा,उद्रपाल कुशवाहा,दिवाकर देव परमार,हीराजी पटेल,एम एल विश्वकर्मा, रवि विश्वकर्मा ,एवं मंडल देवेन्द्रनगर के भाजपा कार्यकर्ताओं की सराहनीय उपस्थिति रही।





# खनिज साधन मंत्री ने पक्षी सर्वेक्षण कार्य का किया शुभारंभ

**गौरीशंकर कुशवाहा ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना ।** खनिज साधन एवं श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने शुक्रवार को मड़ला के कर्णावती व्याख्यान केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में पन्ना टाइगर रिजर्व के पहले पक्षी सर्वेक्षण कार्य का प्रतीक चिन्ह अनावरण कर शुभारंभ किया। नवीन टूरिस्ट गाइड को दूरबीन और पुस्तक एवं वालंटियर को टी-शर्ट और कैप का वितरण किया गया। इस अवसर पर पन्ना टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक सहित टूरिस्ट गाइड, वालंटियर और जिप्सी चालक उपस्थित थे।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि देश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे पक्षी विशेषज्ञों के सानिध्य में टूरिस्ट गाइड को पक्षियों के बारे में नवीन जानकारियों से अवगत होने का मौका मिलेगा। यह नये पक्षियों की खोज के लिए भी बेहतर अवसर है। उन्होंने कहा कि हीरा और मंदिरों के बाद पन्ना टाइगर रिजर्व की देश में अलग पहचान स्थापित हुई है। यहां बाघ की संख्या में वृद्धि के प्रयास के फलस्वरूप अब इनकी संख्या 70 से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि पन्ना टाइगर रिजर्व के मड़ला और हिनौता पर्यटक प्रवेश द्वार के अतिरिक्त रमपुरा प्रवेश द्वार को भी पर्यटकों के लिए खोला जाएगा। टाइगर रिजर्व में गिद्धों की उपस्थिति के कारण भी यह आकर्षण का केन्द्र रहा है। इसके अतिरिक्त प्राकृतिक सौन्दर्य के कारण भी पन्ना टाइगर रिजर्व ने अलग पहचान स्थापित की है।

पन्ना टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक ने तीन दिवसीय बर्ड सर्वेक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसके माध्यम से जैव विविधता, सुरक्षा, संरक्षण और पक्षियों की संख्या के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी। टूरिस्ट गाइड की आजीविका में भी वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि 22 राज्यों और तीन केन्द्र शासित प्रदेश के 450 पक्षी विशेषज्ञों द्वारा बर्ड सर्वे के लिए इच्छा जाहिर की गई थी। इनमें से 60 विशेषज्ञों का चयन किया गया है।






## डीएसपी . में 51वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया गया

**अमन राय ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के गठन के उपलक्ष्य में हर साल 4 मार्च को पूरे देश में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है। 4 मार्च, 1986 को भारत का। इस वर्ष भी, एनएससी-मुंबई द्वारा दी गई थीम के आधार पर 4-10 मार्च, 2022 तक राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के साथ-साथ 04.03.2022 को दुर्गापुर स्टील प्लांट में 51 वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया, ÷ युवा दिमाग का पोषण करें, सुरक्षा संस्कृति का विकास करें÷। सप्ताह भर चलने वाले अवलोकन की शुरुआत संगठन के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में श्री बी.पी. सिंह, ईडी (कार्य) द्वारा ईडी (वर्क्स) भवन में सुरक्षा ध्वज फहराने के साथ हुई। तत्पश्चात वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने बहुमूल्य शब्दों को दैनिक कामकाजी जीवन में सुरक्षा प्रथाओं को अपनाने और हमारे सुरक्षा अभियानों को नवीनीकृत करने और सुरक्षा की ओर जोर देने पर जोर दिया। यह ज्ञात हो सकता है कि राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के अवलोकन के हिस्से के रूप में डीएसपी में कई कार्यक्रमों का आयोजन करने की योजना बनाई गई है जैसे सुरक्षा स्लोगन प्रतियोगिता, सुरक्षा निबंध लेखन और कर्मचारियों के लिए सुरक्षा पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता, जिसमें सुरक्षा प्रदर्शनी, सड़क सुरक्षा अभियान और कार्यशालाएं शामिल हैं, जिनका उद्देश्य निर्माण करना है। जागरूकता, सुरक्षा के महत्व की पुष्टि करना और जीवन के सभी क्षेत्रों में सुरक्षित कार्य पद्धतियों को अपनाना। अंत में 11.03.2022 को प्लांट के अंदर सेफ्टी एक्सीलेंस सेंटर में समापन समारोह सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा।



# अनुभाग सेवढ़ा के अंतर्गत ग्रामीण इलाकों में अज्ञात बदमाशों की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई सर्चिंग

**संदीप प्रधान दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**दतिया** उल्लेखनीय है कि विगत कुछ दिनों से सेवढा अनुभाग के अंतर्गत जंगल से सटे हुए ग्रामों में गग्रामीणों द्वारा जंगल मे अज्ञात बदमाशों के मूवमेंट की सूचनाएं प्राप्त हो रही थी। अज्ञात बदमाशों के मूवमेंट की सूचनाएं प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक दतिया द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए सेवढा अनुभाग के जंगल में स्वयं एसडीओपी बड़ौनी के साथ जंगलो में सर्चिंग अभियान चलाया जाकर ग्रामीण जान से संवाद किया गया। बदमाशो के मूवमेंट की जानकारी ली गयी।

उक्त ग्रामों के गणमान्य नागरिकों से जन संवाद स्थापित किया गया। ग्रामीणों को किसी भी प्रकार के अज्ञात बदमाशों के मूवमेंट की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस को तत्काल सूचित करने हेतु बताया गया।हर प्रकार की





पुलिस सहायता प्रदाय करने का भरोसा दिलाया गया। इसी क्रम में थाना प्रभारी सेवढा के नेतृत्व में, थाना प्रभारी डीपर, थाना प्रभारी अतरेट, थाना प्रभारी लांच द्वारा भी सर्चिंग कर ग्रामीणों से संवाद किया गया। इसी क्रम में थाना प्रभारी इंदरगढ़ के नेतृत्व में थाना प्रभारी थरेट भगुआपुरा द्वारा भी ग्रामीण क्षेत्रों में सर्चिंग कर ग्रामीणों से संवाद किया गया। दतिया पुलिस सदैव देशभक्ति जनसेवा की भावना के साथ आपकी सेवा में तत्पर

## पुलिस अधीक्षक महोदय राजेश सिंह चंदेल,अति.पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण भूरिया,स्ष्ठह्लक्कश्री जीडी शर्मा के निर्देश पर

**हरिओम चतुर्वेदी पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी ।** दिनारा थाना प्रभारी संतोष भार्गव एवं चौकी प्रभारी सतीश जयंत ने माननीय न्यायालय करैरा के प्रकरण क्रमांक 2055/16 में फरार चल रहे फरार स्थाई वारंटी जगदीश खटीक



पुत्र रामदास खटीक उम्र 40 साल निवासी गोदन थाना गोदन जिला दतिया हॉल वाला जी धाम डबरा जिला ग्वालियर को थनरा चौकी प्रभारी सतीश जयंत ने उल्लेखनीय है कि चौकी प्रभारी ने घर का सामान भरने के बहाने स्थाई वारण्टी को फोन कर के गाड़ी लेकर डबरा से बुलाकर आज दिनांक 04/03/2022 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय करेरा में पेश किया गया! गिरफ्तार करने वाले चौकी प्रभारी सतीश जयंत, आर .अंकित सिंह, आर.रामअवतार सिंह, की सराहनीय भूमिका रही।

## आंनद विभाग के आंनद ग्राम में गतिविधियों को खिलाकर दिया आनद का संदेश



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मध्यप्रदेश शासन के आंनद विभाग के मंसानुसार 4 मार्च को ग्राम काशीपुर मैं समस्त ग्रामवासियों को इकट्ठा कर बुजुर्ग, महिला, बच्चे, युवा , को आदर्श ग्राम बनाने का संदेश दिया और कबड्डी प्रतियोगिता का रोमांचिक खेल करा कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया उनको मेडल शील्ड देकर उनका उत्साहवर्धन किया इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा मलेरिया अधिकारी डीके शर्मा,फूप मेडिकल ऑफिसर अजीत शर्मा ,समाजसेवी दानवीर ,आनद विभाव एवं खेल युबा कल्याण विभाग के जिला समन्वयक संजय सिंह , एबं खेल विभाग से नीरज बघेल, विष्णु त्रिपाठी, बादशाह सिंह गुर्जर, रवि धाकड़ एवं समस्त ग्रामों के पुरुष एवं महिला सभी उपस्थित रहे।

## अंकुर अभियान के तहत ग्राम पंचायत लभेंडा में किया गया वृक्षारोपण

**पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर,** आज अंकुर अभियान के तहत ग्राम पंचायत लबेड़ा महिला बाल विकास परियोजना



अधिकारी अरविंद तिवारी द्वारा शिवदयाल अखबार प्रकाश आदिवासी एवं पार्वती आदिवासी के यहां पर अंकुर अभियान के तहत किया गया वृक्षारोपण एवं उनको 100 जने का पौधा भी भेंट किया गया और उसके फायदे भी बताए गए आज ग्राम पंचायत लबेड़ा में पंचायत कार्यालय पर भी वृक्षारोपण किया गया एवं लोगों के लिए महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा वृक्षारोपण के लिए लोगों के लिए प्रेरित भी किया गया साथ ही वृक्षारोपण से जुड़ी हुई लोगों के लिए जानकारी दी गई इस अवसर पर पंचायत कार्यालय लभेंड पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक राम कुमार झा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती रैना लोधी रमाकांत मिश्रा अमोल लोधी कल्याण लोधी एवं समस्त ग्रामवासी मुख्य रूप से पंचायत कार्यालय पर उपस्थित रहे।

## अभिषेक प्रजापति के लिए न्याय के लिए पैदल यात्रा मेड़ता सिटी से नागौर मुख्यालय तक

**पुष्पाजंली टुडे**

**नागौर–** अखिलेश प्रजापति के लिए न्याय के लिए पैदल यात्रा मेड़ता सिटी से नागौर तक कलेक्टर से पैदल मिलने जा रहे छात्र के परिजन मांग निजी स्कूल की लापरवाही से रेलिंग में बच्चे को लगा करंट एक हाथ काटना पड़ा अभिषेक प्रजापति का अभी भी एपेक्स अस्पताल में इलाज चल रहा है पिछले 5 दिनों से पीड़ित परिवार का संपूर्ण परिवार वे नारायण प्रजापति नागौर पैदल मार्च में जी ब्रिलिएंट स्कूल की मान्यता रद्द करने मेड़ता सिटी की जो बिलियंट स्कूल के रेलिंग मैं करंट प्रवाहित होने के कारण उसका 11 जनवरी को करंट लगने से एक हाथ काट दिया गया सीसी टीवी कैमरों की जांच करवाना यही नहीं अब करंट लगने




से दिव्यांग हुए 13 वर्षीय अभिषेक प्रजापति अभी भी इन्फेक्शन होने से खतरा बना प्रजापति को जीवनभर भरण पोषण प्रजापति के परिजन सहित स्कूल से प्रशासन की पोषण के लिए उचित मुआवजा के लिए न्याय की मांग को लेकर लापरवाही से लगा। जबकि स्कूल दिलाने की मांगों को लेकर प्रजापति कलेक्टर से मिलने पैदल ही मेड़ता व स्थानीय प्रशासन से प्रजापति युवा शक्ति संगठन अध्यक्ष नारायण प्रजापति पैदल नागौर के लिए रवाना हुए तथा प्रशासन सुनवाई नहीं कर रहे हैं। जिससे अभिषेक प्रजापति की बहिन निकिता ने बताया कि अभिषेक प्रजापति के न्याय के लिए मेड़ता से नागौर कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाने उन्होंने पैदल चलकर प्रजापति, माता मीनू देवी, पिता, कलेक्टर से गुहार लगाने चार दिन से पैदल पैदल यात्रा कर रहे हैं प्रजापति युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष नारायण लाल प्रजापति ने बताया कि 06.03.2022 को समाज के सभी समाज बंधु लोग अभिषेक प्रजापति के न्याय के लिए नागौर कलेक्टर ऑफिस ज्यादा से ज्यादा लोग पधारे अभिषेक प्रजापति को न्याय दिलाएं मेड़ता सिटी एसडीएम कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन में शामिल होकर समाज की एकता का परिचय दें।



## स्वच्छता सर्वेक्षण के नोडल अधिकारी ने कैलारस नगरीय निकाय क्षेत्र का किया भ्रमण

**पुष्पांजली टुडे**

**कैलारस ।** भारत सरकार द्वारा गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी मध्यप्रदेश की 378 नगरीय निकायों में स्वच्छ सर्वेक्षण प्रारंभ किया हे जो एक माह में पूरा होना हे राज्य सरकार का विगत वर्षो में प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा हे सरकार की मंशा हे कि 2022 में भी सभी निकाय स्वच्छ सर्वेक्षण में अपना उत्कृष्ठ प्रदर्शन करे स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के मानडंडी एवम भौतिक सत्यापन हेतु प्रमुख सचिव नगरीय प्रशासन मनीष सिंह ने नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की हे जो 3 मार्च से 6 मार्च तक सभी निकाय क्षेत्रो में पहुंचकर स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की तैयारियोंका आंकलन कर उन्हे मार्गदर्शन देंगे और भ्रमण उपरांत प्रतिवेदन जिला कलेक्टर को सौंपेंगे इसी निर्देश के पालन में मुरेना जिले के नोडल ऑफिसर, नगरीय प्रशासन ग्वालियर के सहायक संचालक जबर सिंह कुशवाह ने कैलारस के नगरीय निकाय क्षेत्र का भ्रमण कर वहा चल रहे स्वच्छता के कार्यो को देखा और नगर परिषद कैलारस के सीएमओ अतर सिंह रावत को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## कर्मचारी संगठनों ने पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह को पुरानी पेंशन के लिए सौंपा ज्ञापन

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी–** पुरानी पेंशन बहाली संघ न्यू मूवमेंट फ़ॉर ओल्ड पेंशन संघ एवं राज्य कर्मचा री संघ सहित अन्य संगठनों द्वारा आज पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह के शिवपुरी आगमन पर संगठन द्वारा पुरानी पेंशन के लिए ज्ञापन सौंपा गया संगठन के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत ,धर्मेंद्र रघुवंशी जिलाध्यक्ष राज कर्मचारी संघ राजेश सोनी द्वारा संयुक्त रूप से आज शिवपुरी आगमन पर पुरानी पेंशन बहाल करने हेतु ज्ञापन



दिया गया पूर्व मंत्री को बताया गया कि 1 जनवरी 2005 से मध्य प्रदेश के कर्मचारी ,अधिकारियों की पुरानी पेंशन को बंद करके न्यू पेंशन स्कीम लागू की गई है जो शेयर मार्केट आधारित है इसमें 500 से ?1000 प्रति माह कर्मचारी को पेंशन मिलेगी यह कर्मचारी के जीवन के साथ खिलवाड़ है सरकार द्वारा वृद्धावस्था पेंशन दी जा रही है उससे भी कम है कर्मचारी सरकार की सेवा करता है पेंशन प्राइवेट कंपनी देगी यह न्याय संगत नहीं है आपसे अनुरोध करते हैं विधानसभा सत्र में पुरानी पेंशन की मांग को सरकार तक पहुंचाएं लाखों कर्मचारियों के हित में प्रदेश में पुरानी पेंशन बहाल हो सके जिससे कर्मचारी को आर्थिक और सामाजिक न्याय मिल सके ज्ञापन मैं धर्मेंद्र रघुवंशी,राजेश सोनी,बालूराम रावत, मनोज पाल,वीरेंद्र सिंह रावत, दीपक मांझी, सुल्तान सिंह, विनय रावत, संदीप कुलश्रेष्ठ ,पीतम, मुकेश, बंटी सिकरवार, मनीष सिंह, सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सुदामा की कथा के मार्मिक प्रसंग को सुनते ही श्रद्धालुओं की आंखें हुई नम

### माँ सन्तोषी माता के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में चल रही श्रीमद्भागवत कथा

**दबोह(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

आदिशक्ति मां सन्तोषी माता के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 26 फरवरी से चल रहा था।जिस दौरान कथा के अंतिम दिवस कथा वाचक आचार्य पँ.श्री नरेश पचौरी शास्त्री जी(वृन्दावन धाम,अमाहा)के मुखारबिंद से सुदामा प्रसंग सुनाया गया।कृष्ण सुदामा की कथा के मार्मिक प्रसंग को सुनते श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गई कथा वाचक भागवताचार्य ने कहा कि भगवान कृष्ण ने अपने पुराने सखा जो दीन हीन हालत में थे उनके चरण पखार कर चावल का रसास्वादन किया तीन मुट्ठी चावल के बदले तीन लोकों का राज्य देने का मन बना लिया था इससे तात्पर्य है कि मित्रता में एक दूसरे का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है इसमें कोई छोटा बड़ा नहीं होता और सदैव याद रखना ऐ मनुष्य की सत्ता पाकर व्यक्ति को घमंड नहीं करना चाहिए बल्कि उसे श्रीकृष्ण जैसा विनम्रता एवं उदारता का आचरण अपनाना चाहिए जो इंसान श्रीकृष्ण के जैसा आचरण अपना लेता है।वह संसार के मोह माया से पूरी तरह त्याग कर देता है,उन्होंने कहा कि गुरु के साथ कपट और मित्र के संग चोरी करने वाला दरिद्र हो जाता है और उसे कुष्ठ रोग हो जाता है।श्री कृष्ण और सुदामा में अमीरी गरीबी का भारी अन्तर होने के बाबजूद दोनों में अनन्य प्रेम था।शास्त्रो में





कहीं उल्लेख नही है कि सुदामा भिखारी थे हमने और आपने किताबो में पढ़ा होगा कि सुदामा भिखारी थे उन्होंने आगे बताया कि ब्राम्हण को भीख नही माँगना चाहिए यह ब्राह्मणों का काम नही है साथ ही महाराज कहते हैं कि कंश को मारने के बाद भगवान श्री कृष्ण राजा बन गए,और गरीब ब्राह्मण सुदामा रोज अपना पेट मेहनत मजदूरी करके पालता था सुदामा ने एक दिन पत्नी को अपनी और भगवान श्री कृष्ण की दोस्ती के बारे में बताया तो सुदामा की पत्नी ने उन्हें कृष्ण जी के पास जाकर जीवन निर्वाह के लिए कुछ धन लाने को कहा पत्नी सुशीला के बहुत बार कहने पर सुदामा अपने बचपन के मित्र श्री कृष्ण के पास जाने के लिए तैयार हुए सुदामा की पत्नी सुशीला ने सुदामा के अंगोछे में दो मुठ्ठी चावल बांध दिए की खाली हाथ नही जाते सुदामा नंगे पाँव चलते हुए द्वारिकाधीश पहुंचे और जब द्वारिकाधीस पहुंचकर जब सुदामा ने कृष्ण को आवाज लगाई तो दरबान ने अंदर जाकर भगवान श्री कृष्ण को बताया,इतना सुनते ही भगवान श्री कृष्ण नंगे पाँव बाहर की ओर दौड़े और जाकर सुदामा को गले लगाकर अंदर ले आये अंदर लाकर भगवान श्री कृष्ण ने सुदामा को सिंघासन पर बिठाया और उनके पांवो में लगी धूल व् छाले देखकर सुदामा के पांव धोकर चरनामत लिया श्री कृष्ण ने सुदामा को अच्छे कपड़े पहनाये सुदामा जब भोजन खाने लगे तो सुदामा की आँख से आंसू टपक पड़े कि वहां घर में मेरी पत्नी सुशीला बेचारी भूखी होगी,श्री कृष्ण ने बात को टालते हुए सुदामा से कहा कि भाई सुदामा मेरी भाभी ने मेरे लिए क्या भेजा है यह कहते हुए श्री कृष्ण ने सुदामा से चावलों की पोटली छीन ली और चाव से खाने लगे,द्वारिकापुरी में भगवान श्री कृष्ण में सुदामा की बहुत खूब खातिरदारी की,तीन दिन बाद जब सुदामा भगवान श्री कृष्ण को बिना कुछ बताये बिना कुछ कहे अपने घर लौटे तो वह घर जाकर देखते हैं कि उसकी झोपडी के स्थान पर एक विशाल महल बना हुआ है।भागवताचार्य श्री शास्त्री जी ने श्रोताओ को सुदामा चरित्र सुनाकर भाव बिभोर कर दिया।महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य पापों से मुक्त होता है साथ ही उन्होंने कहा कि जहाँ धर्म का प्रभाव होगा वहां पाप ठहर नही सकता इसलिए कलयुग में जितना ज्यादा हो सके धर्म के साथ साथ भगवान का भजन करना चाहिए क्यों की धर्म के प्रभाव से पाप नही ठहरता है कलयुग में राम के नाम बिना हमारा घर व् आंगन सूना होता है राम के नाम के बिना सब जग सूना मन्दिर सूना इस युग में ईश्वर के प्रति आस्था का कोई पुजारी आकर ज्योति जलाए और कोई राम से मोय मिलाये यह मानव का शरीर में घर प्रभू का है इसलिए इस मानव रुपी घर में ईश्वर को समाहित करो तभी ब्यक्ति का कल्याण होगा।इस श्रीमद्भागवत कथा मे पारीक्षत श्रीमती कुंती देवी-मोहर सिंह हैं।

## जे सी आई शिवपुरी स्वर्णा की मैनेजमेंट ट्रेनिंग सम्पन

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी–** जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा मैनेजमेंट ट्रेनिंग की बैठक अंजली होटल में आयोजित की नीतू जैन द्वारा बताया गया कि मुख्य



अतिथि जेसी डॉ रजनीश नीखरा थे उन्होंने जेसीआई की सभी गतिविधियों को सत प्रतिशत योगदान किस तरह दे इसके बारे में समझाया और विशिष्ट अतिथि जे जे बिंग, जेसी अंकुर माहेश्वरी जी जे जे बिंग के बच्चों को ट्रेनिंग किस प्रकार दी जाए इसके बारे में समझाया और उसने संस्था की महिलाएं अध्यक्ष जेसी आशु अग्रवाल ,आईपीपी जेसी स्मिता सिंघल, सचिव जेसी रश्मि गोयल, जेसी रिजवाना खान, जेसी अंजना अग्रवाल, जेसी नीतू जैन, जेसी संध्या मित्तल, जेसी तृप्ति अग्रवाल, जेसी तनुजा गर्ग, जेसी निशा गोयल, जेसी रानी गोयल, जेसी रुचि मंगल आदि उपस्थित रही।

## बेजुबान परिंदों के लिए दाना-पानी रखने से हम संवेदनशील बनते हैं..इस फ़र्ज़ को निभाएं

**मुन्ना खान ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

खरगोन शहर के महर्षि विद्या मंदिर में सकोरा वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया महर्षि विद्या मंदिर में शुक्रवार को प्राचार्य डॉ. रेणु राय की अध्यक्षता एवं उत्कर्ष के प्राचार्य, दिलीप कर्पे के मुख्य आतिथ्य में सकोरा वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से आयोजित चिड़ियाँ को दाना-पानी कार्यक्रम में दिलीप कर्पे ने संबोधित करते हुए कहा कि हम चिड़ियाँ के लिए दाना-पानी रखेंगे तो सेवा का संस्कार भाव पुष्पित होगा । कार्यक्रम के विशेष अतिथि साहित्यकार राकेश राणा ने विद्यार्थियों से आव्हान किया कि बेजुबान परिंदों के लिए दाना-पानी रखने से हम संवेदनशील बनते हैं, इस फ़र्ज़ को निभाएं । अधिवक्ता देवेंद्र पाठक ने कहा कि घर की मुंडेर पर रखा सकोरा कभी कोरा न रहे । सिराज शेख ने कहा कि हम पर्यावरण के लिए पक्षियों को बचाएं ताकि हमारा पर्यावरण प्रदूषित ना हो । विद्यालय की छात्रा मीनाक्षी दशोरे ने भी संबोधित किया । कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को सकोरों का वितरण किया गया । एवं वृक्षारोपण भी किया गया । प्राचार्य डॉ. राय ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किये । कार्यक्रम में विद्यालय के श्रीमती सुषमा पाध्ये, महेंद्र बर्वे, दीपाली जैन, सारिका जोशी, प्रणय गौतम सहित विद्यालयीन शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे ।

# ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने सिविल अस्पताल हजीरा में प्याऊ निर्माण एवं अत्याधुनिक चिकित्सीय उपकरणों के प्रदाय एवं स्थापना कार्य का किया भूमि पूजन

ग्वालियर। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने म.प्र.पा.ट्रा.क.लि. के सीएसआर मद से सिविल अस्पताल हजीरा में 52.40 लाख रूपये की लागत से आधुनिक प्याऊ निर्माण एवं अत्याधुनिक चिकित्सीय उपकरणों के प्रदाय एवं स्थापना कार्य का भूमि पूजन किया। इस अवसर उन्होंने कहा कि गरीब को भी निशुल्क इलाज उसके घर के नजदीक मिल सके इसके लिये में प्रतिबद्ध हूँ। उपनगर ग्वालियर में स्वास्थ्य सुविधायों को बेहतर किया जा रहा हैं। अस्पताल में आने वाले मरीजों को इलाज व सुविधायें मिले इसके लिये आज कई कार्यों का भूमि पूजन किया।





इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि 100 बेड का अस्पताल बनकर तैयार है। जिसमें शीघ्र ही डायलासिस व सीटी स्कैन की सुविधा मिलने जा रही है तथा 20 बेड का आईसीयू बन चुका हैं जिसमें से 15 पर वेंटिलेटर सुविधा है। इसके साथ ही दो एक्सरे मशीन लग चुकी हैं तथा एम्बूलेंस खरीदी जा चुकी है, सभी प्रकार की जाचें निशुल्क की जा रही हैं। इसके साथ ही 5 ऑपरेशन थियेटर बन चुके हैं एवं तीन लिफ्ट लग चुकी हैं जिससे मरीजों को उपरी मंजिलों पर आने जाने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। इसके अलावा भी कई सुविधायें अस्पताल में मरीजों को मिलने जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि उपनगर में पहले से तीन संजीवनी क्लीनिक संचालित हैं। जिनका लाभ प्रतिदिन लगभग 400 से 500 मरीजों को मिल रहा है। इसके साथ ही सात नई संजीवनी क्लीनिक और खोली जा रही हैं, जहां आमजन को निशुल्क इलाज की सुविधा मिलेगी। साथ ही बहोडापुर पर 30 बेडेड अस्पताल बनने जा रहा है, जिसकी स्वीकृति मिल चुकी है। बिरला नगर प्रसूतिगृह का नया भवन का कार्य प्रगति पर है। जिसके बनने से क्षेत्र की माता बहनों को लाभ मिलेगा। इसके साथ ही सिविल अस्पताल में प्रतिदिन लगभन 800 मरीज दिखाने आ रहे हैं। साथ ही कहा कि गरीबों को निशुल्क इलाज तो मिले ही साथ ही उनके मोतियाबिंद का ऑपरेशन भी निशुल्क हो सके इसके लिये शीघ्र ही वृहद स्तर पर सिविल अस्पताल में केंप आयोजित किया जाएगा। जहां मोतियाबिंद का ऑपरेशन निशुल्क किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, मंडल अध्यक्ष श्री बृजमोहन शर्मा, श्री वेदप्रकाश शिवहरे, श्री महेश गौतम, श्री शीतल अग्रवाल, पावर ट्रांसमिशन कंपनी के अधीक्षण अभियंता इंजी. अरविंद कुमार शर्मा, कार्यपालन अभियंता इंजी. कुमार श्रीवास्तव, डॉ. प्रशांत नायक सहित बडी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**52.40 लाख रूपये में उपकरणों का क्रय व प्याऊ का निर्माण**

सिविल अस्पताल हजीरा में 52.40 लाख रूपये की लागत से विभिन्न निर्माण कार्य व सामान क्रय किया जाएगा। जिसमें अस्पताल परिसर हेतु 10 टेलीविजन लागत 5 लाख रूपये, 10 विडियो कॉन्फ्रेसिंग सिस्टम लागत 3.50 लाख रूपये, अस्पातल के कक्षों में 10 कम्प्यूटर सिस्टम लागत 30 लाख रूपये, अस्पताल में अवशिष्ट एवं भोजन वितरण हेतु एक एक नग एवं दवा वितरण हेतु 10 ट्रोली लागत 3 लाख रूपये, अस्पताल परिसर में डॉक्टर एवं स्टाफ की जानकारी हेतु एक डिस्प्ले बोर्ड लागत 50 हजार रूपये, आर ओ सिस्टम वाटर कूलर लागत 2.50 लाख रूपये, आर ओ वाटर मशीन की सप्लाई एवं प्याऊ, रेम्प एवं रेलिंग का निर्माण लागत 10 लाख रूपये, 20 हवा स्वच्छक लागत 7 लाख रूपये, 4 सीटों की 20 स्टील बैंच लागत 2 लाख रूपये, 4 व्हील चेयर लागत 16 हजार रूपये, 4 स्टेच्चर 16 हजार रूपये, अस्पताल के पलंगो के साईट हेतु 100 लॉकर एवं स्टूल लागत 4.58 लाख रूपये एवं एक मैकेनाइज्ड लाउण्ड्री 11 लाख रूपये की लागत से बनाई जाएगी।

## निगमायुक्त ने निरीक्षण कर देखे सीटीपीटी, कमियां पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल पूर्ण करने के दिए निर्देश



ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए शहर के विभिन्न सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया तथा जहां भी कुछ कमियां पाई गई, नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल उन्हें पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निगमायुक्त श्री कन्याल ने पिंटू पार्क चौराहे पर सीटी पीटी का निरीक्षण किया तथा आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही दीनदयाल नगर व शताब्दीपुरम में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही दीनदयाल नगर में मिनी स्विमिंग पूल का निरीक्षण कर स्विमिंग पूल परिसर में आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश श्री सत्यपाल सिंह चौहान को दिए। वहीं भगत सिंह नगर के पीछे स्थित पुस्कर कॉलोनी के पार्क का निरीक्षण कर पार्क को व्यवस्थित करने के निर्देश पर अधिकारी को दिए और पार्क में कचरे में जल रही आग को देखकर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री अत्येंद्र सिंह गुर्जर, उपायुक्त श्री सत्यपाल सिंह चौहान, नोडल अधिकारी मदाखलत श्री केशव सिंह चौहान नोडल अधिकारी पार्क श्री मुकेश बंसल नोडल अधिकारी कार्यशाला श्री शैलेंद्र सक्सेना सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### लायंस क्लब लेडीज द्वारा जेड सी आर सी डी जी मीट एवं विजिट पास प्रेसिडेंट एवं चार्ट सम्मान का आयोजन



ग्वालियर। लायंस क्लब लेडीस द्वारा जेड सी आर सी डी जी मीट एवं विजिट पास प्रेसिडेंट एवं चार्ट सम्मान का आयोजन किया गया कार्यक्रम का संचालन मीनाक्षी माथुर द्वारा किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में आशा माथुर जी, उषा सिकरवार जी, बिंदु प्रधान जी, डी जी सुनील गोयल जी, राका पाठक जी, दुसी रुचिता गोयल जी, रंजना जी कादम्बरी आर्य जी, तृप्ति भटनागर जी, शोभा सक्सेना जी, निरुपमा भटनागर जी, बड़ी संख्या में बहनें उपस्थित रहीं।

### ऑनलाइन भुगतान करें, 20 रूपये तक की छूट पाए

ग्वालियर। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने निम्नदाब उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे ऑनलाइन बिजली बिल का भुगतान कर अधिकतम 20 रूपये तक अपने बिल में छूट प्राप्त कर सकते हैं। इसी प्रकार उच्चदाब उपभोक्ता ऑनलाइन बिजली बिल का भुगतान कर अधिकतम एक हजार रूपये की छूट प्राप्त कर सकते हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि यदि कोई उपभोक्ता ऑनलाइन बिजली बिल का भुगतान करता है तो उसके द्वारा कुल जमा किए गए बिल पर आधा प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह छूट अधिकतम 20 रूपये तक होगी और न्यूनतम 5 रूपये होगी। इसी प्रकार उच्चदाब उपभोक्ता यदि ऑनलाइन बिजली बिल का भुगतान करते हैं तो उनके द्वारा कुल जमा किए गए बिजली बिल पर आधा प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी। यह छूट अधिकतम एक हजार तक हो सकती है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के निम्न दाब उपभोक्ताओं को ऑनलाइन बिजली बिलों के भुगतान की सुविधा एम.पी. ऑनलाइन, एटीपी मशीन, कॉमन सर्विस सेन्टर, कंपनी पोर्टल (नेट बैंकिंग, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, यूपीआई, ईसीएस, ईबीपीएस, बीबीपीएस, कैश कार्ड एवं वॉलेट आदि) पेटीएम एप, गूगल पे, फोन पे, अमेजॉन पे, उपाय मोबाइल एप एवं कम्पनी की वेबसाइट portal.mpcz.in के माध्यम से उपलब्ध है।

# विकास की गति को हमें जारी रखना है- ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

### वार्ड 3 में 52 लाख रूपये से अधिक के विकास कार्यों का किया भूमि पूजन





ग्वालियर। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने वार्ड 3 में सीसी रोडों के निर्माण कार्यों के भूमि पूजन के अवसर पर कहा कि उपनगर ग्वालियर में विकास की गति को हमें जारी रखना है। जिससे क्षेत्र का चहुमुखी विकास हो सके। उन्होंने कहा कि विधानसभा के चारो ओर फोर लेन रिंग रोड बनाई जा रही है। जिससे यातायात सुगम हो सके। साथ ही कहा कि में कल भी आपका सेवका था, आज भी सेवक हूँ और कल भी अपका सेवक रहूंगा। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित बुजुर्ग महिलाओं से कार्य का भूमि पूजन कराया। इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों को क्वालिटी के साथ कार्य करने के निर्देश दिये।

वार्ड 3 विनय नगर सेक्टर 4 में मोहिते गार्डन के सामने इन्द्रापुरकर जी वाली गली में 28 लाख रूपये की लागत से सीसी रोड़ बनाई जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने संत कृपाल जी के आश्रम से स्वर्णरेखा तक बनाये जा रहे नाले के निर्माण कार्य का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नाला निर्माण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण किया जाए। साथ ही मोहिते गार्डन के सामने पुलिया निर्माण के लिये संबंधित ठेकेदार को शीघ्र ही कार्य शुरू करने के निर्देश दिये।

इसके साथ ही उन्होंने खटके साहब की छत्री में 18.36 लाख रूपये की लागत से सीसी, फर्श व नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों से कहा कि विकास की ज्योति तेज हो रही है, उसमें आप सभी का महत्वपूर्ण योगदान है। आपके क्षेत्र में सीवर व पेयजल की समस्याओं का निदान लगभग खत्म हो चुका है। इसके साथ ही विद्युत ट्रिपिंग की समस्या से भी निदान मिला है। साथ ही विनय नगर सेक्टर 4 में स्थित पार्क में 5.90 लाख रूपये की लागत से विकास कार्य का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सुंदर व आकर्षित पार्क बनाये जा रहे हैं। साथ ही गरीब का बेटा-बेटी भी अच्छी शिक्षा ले सकें इसके लिये उपनगर में दो सीएम राईज स्कूल बनने जा रहे हैं।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्री प्रयाग तोमर, पूर्व पार्षद श्री जगत सिंह कौरव, श्री दिग्विजय सोनू राजपूत, श्री शशी शर्मा, श्री व्हिवल सेंगर, श्री ध्रुव गौतम, श्री गुरूदयाल सिंह सहित बडी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय सुशासन शिविर में 122 आवेदनों का हुआ मौके पर ही निराकरण

### किसी का बना आयुष्मान कार्ड तो किसी की बन गई पात्रता पर्ची



ग्वालियर। किसी का इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड तो किसी की राशन के लिए पात्रता पर्ची बन गई। इसी तरह किसी का भवन निर्माण संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल का पंजीयन कार्ड तो किसी जरूरतमंद के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन मौके पर ही मंजूर हो गई। इसके अलावा ग्रामीणों की शासन से संबंधित बहुत सी ऐसी समस्यायें भी मौके पर ही निपट गईं जिनका तकनीकी कारणों से निराकरण नहीं हो पा रहा था। यहाँ बात हो रही है जिले की जनपद पंचायत भितरवार के ग्राम सांखनी में आयोजित हुए जिला स्तरीय सुशासन शिविर की। सुशासन शिविर में सांखनी सहित आसपास के दर्जन भर से अधिक गाँवों के लगभग 850 ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में कुल 410 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 122 आवेदन पत्रों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदन पत्रों के निराकरण के लिये एक सप्ताह की समय-सीमा निर्धारित की गई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी, अपर कलेक्टर श्री एच बी शर्मा, अनुविभागीय दण्डाधिकारी भितरवार श्री अश्विनी रावत व जनपद पंचायत भितरवार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अशोक शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों ने दिनभर इस शिविर में मौजूद रहकर लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कराया। प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जिले में सुशासन शिविरों की श्रृंखला चल रही है। इसी क?ी में सांखनी में चौथे जिला स्तरीय सुशासन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिला पंचायत प्रशासकीय समिति के उपाध्यक्ष श्री शांतिशरण गौतम सहित अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण भी शामिल हुए।

**शिविर में गेहूँ उपार्जन के लिए पंजीयन भी किया गया**

विभिन्न तकनीकी कारणों से गेहूँ उपार्जन के लिये जिन किसानों का ऑनलाइन पंजीयन नहीं हो पा रहा था।




# कैट ने किया नव-निर्वाचित चार्टड एकाउन्टेंटस का स्वागत

### शहर के विकास में सभी की भागीदारी हो: किशोर कन्याल

### जिद करो और ग्वालियर को स्वच्छता में प्रथम नम्बर पर लाओ



ग्वालियर । कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट ग्वालियर द्वारा चार्टर्ड एकाउन्टेंटस का स्वागत समारोह होटल रॉयल-इन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुये आयुक्त नगर निगम ग्वालियर श्री किशोर कन्याल ने कहा कि हम सभी को एक विकसित शहर में रहना चाहिये, जहां हरियाली हो, स्वच्छता हो और ऐसी मॉर्डन सिटी अगर ग्वालियर को बनाना है तो हम सब को इसमें सहभागी बनना होगा। उन्होंने चार्टर्ड एकाउन्टेंटस का स्वागत करते हुये वरिष्ठ चार्टर्ड एकाउन्टेंट श्री अशोक विजयवर्गीय को विभिन्न कंपनियों के सीएसआर फण्ड को नगर के डबलपमेंट में खर्च करने के लिये कोर्डिनेटर बनाया। उन्होंने कहा कि कैट की यह शानदार पहल है और चार्टर्ड एकाउन्टेंट एवं व्यापारी सब मिलकर ग्वालियर को स्वच्छता में प्रथम पायदान पर लायें। इसके लिये हमें जिद करने की हद तक कार्य करना होगा। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित चार्टर्ड एकाउन्टेंट श्री अशोक विजयवर्गीय ने यह विश्वास दिलाया कि वे सभी के समन्वय से सीएसआर मद में नगर निगम के माध्यम से ग्वालियर के विकास में सहभागी बनेंगे। इस अवसर पर चार्टर्ड एकाउन्टेंट श्री अजीत बंसल, चार्टर्ड एकाउन्टेंट श्रीमती निधि गर्ग, चार्टर्ड एकाउन्टेंट श्री राहुल मित्तल, चार्टर्ड एकाउन्टेंट श्री समर्थ दोनेरिया, चार्टर्ड एकाउन्टेंट श्री सचिन गुप्ता का पुष्पहार, अंगवस्त्र एवं अभिनन्दन पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। चार्टर्ड एकाउन्टेंट श्री पंकज शर्मा के बाहर होने के कारण उनका सम्मान श्री अजीत बंसल ने प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि अभी हाल ही में चार्टर्ड एकाउन्टेंट ब्रान्च के चुनाव हुये हैं जिसमें 6 चार्टर्ड एकाउन्टेंटस निर्वाचित हुये। जिला निर्वाचन अधिकारी चार्टर्ड एकाउन्टेंट श्री धमेन्द्र अग्रवाल का भी इस अवसर पर स्वागत किया गया। कैट म.प्र. अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने बताया कि आर्थिक रूप से व्यापारियें के साथ चार्टर्ड एकाउन्टेंट एक डाक्टर की भूमिका में होता है और सदैव आर्थिक गतिविधियों में व्यापारी कैसे बेहतर कार्य कर सकता है इसकी सलाह देते हैं। हमें प्रसन्नता है कि ग्वालियर में 300 से अधिक चार्टर्ड एकाउन्टेंट अब सक्रियता से कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ में कैट जिला अध्यक्ष रविगुप्ता ने स्वागत भाषण दिया जबकि कार्यक्रम की रूपरेखा पर कैट जिला संयोजक दीपक पमनानी ने अपने विचार रखे। सभी चार्टर्ड एकाउन्टेंट ने शहर के विकास में योगदान के लिये संकल्प लिया और उपस्थित जनों ने स्वच्छ ग्वालियर के लिये तन-मन-धन से सहयोग करने का विश्वास दिलाया। कार्यक्रम का संचालन सीए मयूर गर्ग ने किया।

## मंत्रोच्चार के साथ कलेक्ट्रेट में हुआ बृहद पौधरोपण

### नगर निगम ग्वालियर द्वारा अंकुर अभियान के तहत ग्वालियर के फेफड़े संस्था के सहयोग से न्यू कलेक्ट्रेट पहाड़ी पर रोपे 100 से अधिक पौधे

ग्वालियर। मप्र के मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान के जन्मदिन से एक दिन पहले गवलियर कलेक्ट्रेट परिक्षेत्र में बड़ी संख्या में पोधे रोपे गए। नगर निगम ग्वालियर द्वारा ग्वालियर के फेफडे नामक पर्यावरण अभियान के कार्यकर्ताओं एवं जिला प्रशासन के सहयोग से पौधारोपण अभियान चलाया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा पिछले एक साल से प्रतिदिन लगाए जा रहे। एक दिन एक पौधा अभियान से प्रेरित ग्वालियर के फेफडे के सदस्यों ने महानगर एवं इसके आसपास के क्षेत्रों में हरियाली बचाने और बड़ाने के लिए आज नगर निगम एवं जिल प्रशासन के साथ मिलकर अभियान का आगाज किया है। इस अभियान के तहत महानगर और समीपवर्ती क्षेत्रों में पौधे लगाने का चरणबद्ध कार्यक्रम तैयार किया गया है। कलेक्ट्रेट परिसर में आज के बृहद पौधरोपण में जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी, अतिरिक्त महाधिवक्ता श्री एमपीएस रघुवंशी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी, समाजसेवी, पर्यावरणविद एवं अभियान से जुड़े सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयुक्त नगर निगम श्री किशोर कुमार कन्याल ने कहा कि पौधरोपरण एक तरह का संस्कार है क्योंकि हमारी जीवन संहिता प्रकृति को पूजने में भरोसा करती है।व्रक्ष हमारे जीवन का आधार है। इसलिये हर जीवित व्यक्ति को जीवन में एक या अधिक पेड़ लगाकर अपना दायित्व पूर्ण करना चाहिये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने साल भर प्रत्येक दिन पौधा लगाकर जनसंदेश दिया है कि जब तक प्रदेश का हर नागरिक इस सन्कल्प को धारण नही करेगा तब तक पर्यावरण को संरक्षित नही किया जा सकता है। निगमायुक्त श्री कन्याल ने कहा कि आसपास का परिवेश स्वच्छ रहे यह भी एक तरह का पुण्य कार्य है क्योंकि स्वच्छता में ही ईश्वर का वास होता है। हम सबसे पहले अपने घर से स्वच्छता का श्री गणेश करें ।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478